कोटद्वार, शुक्रवार
15 नवम्बर 2024
वर्ष: 46
अंक: 192 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

हेलंग बाईपास में भारी ब्लास्टिंग से लोगों में दहशत

चमोली : जोशीमठ नगर से 12 किलोमीटर पहले निर्माणाधीन हेलंग (अणीमठ) मारवाड़ी बाईपास में लगी ठेकेदार कंपनी द्वारा नियमों को धता बताकर सड़क निर्माण में भारी ब्लास्टिंग का प्रयोग किया जा रहा है। जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक अतुल सती ने विविध सोशल मीडिया में कुछ विडियो साझा करते हुए कहा कि सरकार ने निर्माणदायी एजेंसी को इस बाईपास निर्माण में विस्फोट का प्रयोग करने की अनुमति नहीं दी गई है, बावजूद आबादी से दूर होने के कारण संबंधित एजेंसी पहाड़ काटने के लिए धड़ल्ले से ब्लास्टिंग कर रही है। जिससे जोशीमठ नगर को खतरा बढ़ गया है। जोशीमठ होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश रंजन कहते हैं कि पिछले दो वर्षों से जोशीमठ नगर के कुछ भागों में लगातार भूधंसाव हो रहा है और जोशीमठ नगर की तलहटी में पहाड़ काटकर बन रहे इस बाईपास के निर्माण में लगी एजेंसी ब्लास्टिंग से पहाड़ काट रही है, जिससे नगर के लोगों में डर बढ़ने लगा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को चाहिए कि तुरंत संबंधित एजेंसी एवं ठेकेदार के खिलाफ कानूनी करें। अतुल सती कहते हैं कि यदि प्रशासन ने जल्द निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्यवाही नहीं की तो आन्दोलन किया जाएगा। (एजेंसी)

कार्तिक पूर्णिमा आज, बन रहे कई शुभ योग

देहरादून। वैदिक पंचांग के अनुसार, कार्तिक मास की पूर्णिमा शुक्रवार को मनाई जाएगी। कार्तिक पूर्णिमा व्रत भी इसी दिन है। पूर्णिमा तिथि की शुरुआत शुक्रवार सुबह 06 बजकर 19 मिनट पर होगी। तिथि का समापन 16 नवंबर को देर रात्रि 02 बजकर 58 मिनट पर होगा। कार्तिक पूर्णिमा के दिन पवित्र नदी में स्नान और दीप दान का विशेष महत्व है। वैसे तो हर महीने आने वाली पूर्णिमा तिथि का विशेष महत्व होता है, लेकिन कार्तिक मास में आने वाली पूर्णिमा विशेष अवसर है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन ही देव दीपावली मनाई जाती है। इस बार कार्तिक पूर्णिमा पर कई शुभ योग बन रहे हैं। इस बार चंद्रमा और मंगल का राशि परिवर्तन योग दोनों एक दूसरे की राशि में रहेगा। कार्तिक पूर्णिमा पर देर रात गजकेसरी राजयोग बनेगा। साथ ही इस दिन बुधादित्य राजयोग भी। इसके बाद अब कार्तिक पूर्णिमा पर 30 साल बाद शश राजयोग बनेगा। क्योंकि अब अगले 30 साल बाद ही शनि कुंभ राशि में गोचर करेंगे। ऐसे में कार्तिक पूर्णिमा पर दान पुण्य विशेष फलदाई होगा। कार्तिक पूर्णिमा को लेकर जो पौराणिक कथा है उसके अनुसार, भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस का वध किया था। इसलिए इस पूर्णिमा को त्रिपुरासुर पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। कार्तिक पूर्णिमा तक भगवान विष्णु मत्स्य रूप में जल में विराजमान रहते हैं। इसलिए कार्तिक पूर्णिमा पर जल में दीप प्रवाहित करने की बड़ी मान्यता है।

पांच वर्षीय बच्ची की मौत

देहरादून। बेकाबू ई-रिक्शा की चपेट में आकर पांच वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। हादसा बीते 17 जून को हुआ। बच्ची की जान उपचार के दौरान बीते तीन जुलाई को गई। मामले में अब जाकर पटेलनगर थाना पुलिस ने ई-रिक्शा चालक के खिलाफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मूलरूप से जिला सोनीपत, हरियाणा निवासी प्राची पत्नी सुमित पेवाल आनंद विहार हरभजवाला में रहती हैं। उनके अनुसार बीते 17 जून को उनकी पांच वर्षीय बेटी अंशु अपने चाचा के साथ दुकान से वापस लौट रही थी। गन्ना केंद्र के पास एक तेज और लापरवाही से चलाए जा रहे ई-रिक्शा ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में रिक्शे का पहिया अंशु के पेट के ऊपर से गुजर गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने तुरंत अंशु को पटेलनगर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे एम्स अस्पताल, ऋषिकेश रेफर कर दिया गया। कई दिनों तक चले उपचार के बाद बीते तीन जुलाई को अंशु ने दम तोड़ दिया। इस हादसे के बाद परिवार ने अपने स्तर पर ई-रिक्शा चालक की खोजबीन की। लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई। परिजनों ने पुलिस को भी सूचना दी। इंस्पेक्टर पटेलनगर केके लुंठी ने बताया कि बच्ची के परिजनों ने अब लिखित तहरीर दी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 72वां राजकीय गौचर मेले का किया शुभारंभ

● मुख्यमंत्री ने 4.93 करोड़ लागत से नवनिर्मित उप संभागीय परिवहन कार्यालय भवन का किया लोकार्पण

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : गौचर में 72वां राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक मेले का आगाज हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को गौचर मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने चमोली में 4.93 करोड़ की लागत से नवनिर्मित उप संभागीय परिवहन कार्यालय भवन का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने पोखरी में रानौ-सिमखोली मोटर मार्ग, काफलपानी से भरतपुर तक मोटर मार्ग विस्तारीकरण, जिलासू-सरणा मोटर मार्ग निर्माण, चमोली प्रेस क्लब को कक्ष निर्माण हेतु 10 लाख की स्वीकृति, आगामी नंदा देवी राजजात यात्रा के लिए ढांचागत सुविधाओं के विकास हेतु माह दिसंबर में उच्च स्तरीय बैठक कराने और पोखरी में पॉलिटेक्निक भवन निर्माण कार्य पूरा कराने की घोषणा भी की। गौचर मेले में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गौचर मेला संस्कृति, बाजार तथा उद्योग तीनों के समन्वय के कारण एक प्रसिद्ध राजकीय मेला है। मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक गौचर मेले के शुभारंभ पर बधाई देते हुए कहा कि सात दशकों से अधिक समय से इस मेले का आयोजन हमारे राज्य और सब क्षेत्रवासियों के लिए गर्व की बात है। गौचर मेला हमारे राज्य के प्रमुख ऐतिहासिक मेलों में से एक है, जिसमें सरकार के विभिन्न विभाग सक्रिय होकर प्रतिभाग करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेले हमारे जीवन में बहुत विशेष स्थान रखते हैं। मेलों के माध्यम से समृद्ध परंपराएं को संजोने में सहायता मिलती है। साथ ही मेले, मनोरंजन और सामाजिक मेल मिलाप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गौचर का मेला अन्य मेलों से विशेष है। यह मेला हमारी संस्कृति को संजोने एवं व्यापारिक गतिविधियों को भी एक बड़ा मंच प्रदान करता आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक ओर भारत में सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित किया जा रहा है। वहीं वोकल फार लोकल, मेक इन इंडिया, मेड इन इंडिया जैसे पहलुओं के माध्यम से हमारे स्थानीय उद्योगों और स्वयं सहायता समूह में काम करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित करने का काम किया जा रहा है। इस दिशा में सरकार ने कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत भी की है। जिसमें स्थानीय उत्पादों को राज्य में ही नहीं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पहचान मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में गोचर में हेली सेवा की शुरुआत की गई है। जिससे इस क्षेत्र में पर्यटन अर्थव्यवस्था को एक नई मजबूती मिलेगी। आपदा के समय में भी इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए विकल्प रहित संकल्प के मूल मंत्र के साथ निरंतर काम कर रही है। इस मौके पर राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट और कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, क्षेत्रीय विधायक अनिल नौटियाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र भंडारी, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश मैखुरी, राज्यमंत्री रमेश गडिया, ब्लाक प्रमुख चन्द्रेश्वरी रावत, आईजी गढवाल के.एस नगन्याल, जिलाधिकारी/ मेलाध्यक्ष संदीप तिवारी, पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार, मेलाधिकारी संतोष कुमार पांडेय समेत बड़ी संख्या में मेलार्थी मौजूद थे।

सीएम ने वरिष्ठ पत्रकार क्रांति भट्ट को किया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पत्रकारिता जगत में उत्कृष्ट कार्य करने पर वरिष्ठ पत्रकार क्रांति भट्ट को पं0 गोविन्द प्रसाद नौटियाल स्मृति सम्मान और श्री गुरू राम राय एजुकेशन मिशन देहरादून को शिक्षा और साहित्य प्रसार के लिए पंडित महेशानन्द नौटियाल स्मृति सम्मान से सम्मानित किया।

छात्रों ने किये रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत

गौचर मेले में पहले दिन ईष्ट रावल देवता की पूजा के बाद प्रातः स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। मेलाध्यक्ष द्वारा झंडा रोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली गई। खेल मैदान में बालक एवं बालिकाओं की प्रतियोगात्मक दौड़, नेहरू चित्रकला प्रतियोगिता, शिशु प्रदर्शनी और शिक्षण संस्थाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। खेल विभाग के तत्वावधान में जनपद स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरू हुई। गौचर मेले में पारंपरिक पहाड़ी संस्कृति से सजा पंडाल मेलार्थियों के बीच खास आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार को पाकिस्तान से मिली धमकी

नई दिल्ली ,श्री कृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही ईदगाह मस्जिद के मुख्यवादी एवं पक्षकार को बुधवार की रात को पाकिस्तान से आए व्हाट्सएप मैसेज में बम से उड़ाने की धमकी दी है। व्हाट्सएप मैसेज में 19 नवंबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट और 20 को पक्षकार को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। जन्मभूमि के पक्षकार ने इसकी सूचना मुख्यमंत्री को दी। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव ने मामले मामले की जांच एसटीएफ और एटीएस को सौंपी है। इसके साथ ही मथुरा पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले के पक्षकार और श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष आशुतोष पांडेय के मोबाइल नंबर पर 13 नवंबर की रात 9.36 बजे पाकिस्तान के नंबर +92 302 9854231 से व्हाट्सएप मैसेज आए। मैसेज भेजने वाले ने पहले तो 19 नवंबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट को और 20 नवंबर को उन्हें बम से उड़ाने की धमकी दी। इसकी सूचना उन्होंने तत्काल एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय, एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार को दी। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मेल करके साक्ष्य समेत शिकायत की। मुख्यमंत्री के मुख्य सचिव संजय प्रसाद ने उनसे संपर्क किया और डीजीपी को निर्देशित किया। डीजीपी ने मुख्य पक्षकार के साक्ष्यों के आधार पर डिप्टी एसपी एसटीएफ आगरा और एटीएस को संयुक्त रूप से जांच सौंपी है। एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार ने सोशल मीडिया और मेल से आई तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। मुख्य पक्षकार आशुतोष पांडेय ने बताया कि मैसेज करने वाला गंदी-गंदी गाली दे रहा था। बार-बार उन्हें और हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दे रहा था। उन्होंने बताया कि वह श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में वह पैरवी करते हैं। प्रत्येक मुस्लिम पक्ष के प्रार्थना पत्रों पर लिखित में कोर्ट में आपत्ति दाखिल करने के साथ कोर्ट में बहस भी करते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी शिकायत पर ही शाही ईदगाह की बिजली काटी गई थी और चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ था।

19 की दोपहर 2 बजे होनी है सुनवाई

इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही मस्जिद ईदगाह के 18 मामलों की सुनवाई होनी है। मुख्य पक्षकार आशुतोष पांडेय ने बताया कि 19 नवंबर को दोपहर दो बजे से कोर्ट नंबर 86 में सभी 18 मामलों के प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई होनी है। सुनवाई में जाने से उन्हें रोकने के लिए यह धमकी दी जा रही है।

इससे पहले भी सात बार मिल चुकी है धमकी, सभी में दर्ज हुए मुकदमे

श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार को इससे पहले भी सात बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि पहली धमकी मार्च 2023 को मिली। इसका मुकदमा थाना जैत में दर्ज कराया। दूसरी धमकी 15 जनवरी 2024 को उनका फेसबुक पेज हैक करके दी गई। इसका भी जैंत थाने में मुख्यमंत्री के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ।

आप विधायक अमानतुल्लाह खान को राहत

नई दिल्ली ,आप विधायक अमानतुल्लाह खान को राउज एवेन्यू कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में उनके खिलाफ दायर सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया है। अदालत ने उन्हें रिहा करने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने कहा कि अमानतुल्लाह खान के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं, लेकिन उन पर मुकदमा चलाने की मंजूरी नहीं है, इसलिए संज्ञान लेने से इनकार किया जाता है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने आगे कहा कि अमानतुल्लाह खान को 1 लाख के जमानत बांड और इतनी ही राशि के एक जमानती पर न्यायिक हिरासत से तुरंत रिहा किया जाएगा। दिल्ली में अगले साल विधानसभा के चुनाव हैं और उससे पहले अमानतुल्लाह खान को ये राहत मिली है। अमानतुल्लाह ओखला से विधायक हैं। वह दिल्ली वक्फ बोर्ड में कथित घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार हैं। कोर्ट ने इससे पहले सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लेने या न लेने के बारे में अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने कहा था कि वो 14 नवंबर को अपना आदेश सुनाएगा। अमानतुल्लाह खान पर आरोप है कि दिल्ली वक्फ बोर्ड का चेयरमैन रहते उन्होंने वित्तीय अनियमिता की।

सीजेआई संजीव खन्ना का दिखा एक्शन

चंद्रचूड़ ने जिस प्रथा को बंद किया था उसे फिर किया लागू

नई दिल्ली ,भारत के नए चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने 16 पीठों को नए मामलों के आवंटन के लिए एक नया रोस्टर जारी किया है। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया है कि प्रधान न्यायाधीश और दो वरिष्ठतम न्यायाधीशों की अध्यक्षता वाली पहली तीन अदालतें क्रमशः पत्र याचिकाओं और जनहित याचिकाओं की सुनवाई करेंगी। प्रधान न्यायाधीश के आदेश के तहत नए मामलों के आवंटन के लिए रोस्टर को सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री ने अधिसूचित किया और यह 11 नवंबर से प्रभावी हो गया है। नागरिकों द्वारा सर्वोच्च न्यायालय को लिखे गए पत्रों से उत्पन्न नयी याचिकाओं और नयी जनहित याचिकाओं (पीआईएल) की सुनवाई प्रधान न्यायाधीश और दो वरिष्ठतम न्यायाधीशों न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ करेंगी। पत्र याचिकाओं और जनहित याचिकाओं के अलावा, प्रधान न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ अधिकतम मुद्दों पर विषयवार विचार करेगी, जिनमें सामाजिक न्याय से संबंधित मामले, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति के चुनाव से संबंधित विवाद और सांसदों और विधायकों के चुनाव से संबंधित अन्य मामले, बंदी प्रत्यक्षीकरण मामले और मध्यस्थता के मामले शामिल हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ चुनाव संबंधी याचिकाओं पर भी सुनवाई करेगी। पूर्व प्रधान न्यायाधीश यूयू ललित सभी पीठों को जनहित याचिकाएं आवंटित करते थे और लेकिन पूर्व प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने इस प्रथा को बंद कर दिया था। विषयवार मामलों का आवंटन 16 वरिष्ठ न्यायाधीशों को किया गया है जो पीठों की अध्यक्षता करेंगे। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला, जो पूर्व प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ के साथ पीठ साझा कर रहे थे वह सामान्य दीवानी मामलों के अलावा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर मामलों को भी देखेंगे। सीजेआई सहित तीन वरिष्ठतम न्यायाधीशों के अलावा, अन्य 13 न्यायाधीश हैं- न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति एएस ओका, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पंकज मिथल।

सरकार का बड़ा फैसला: दिल्ली में बढ़े प्रदूषण का असर अब पढ़ाई पर

● ऑनलाइन मोड में चलेंगे सभी प्राथमिक विद्यालय



दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर सरकार ने सभी प्राथमिक विद्यालयों को अगले आदेश तक ऑनलाइन मोड में चलाने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि राजधानी में हवा की गति व दिशा बदलने से वायु प्रदूषण गंभीर श्रेणी में बरकरार है। गुरुवार को सीजन में पहली बार वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 424 दर्ज किया गया। इसमें बुधवार की तुलना में छह सूचकांक की वृद्धि देखने को मिली। इससे हवा और दमघोंटू हो गई है।

ग्रैप-3 किया गया लागू

इसके अलावा दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर काबू पाने की दिशा में सीएक्यूएम ने ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान (ॅफअढ-3) लागू करने की घोषणा कर दी गई है। राजधानी समेत पूरे एनसीआर में 15 नवंबर से इसे लागू किया जाएगा।

लोगों को हो रही सांस संबंधी परेशानी

दिल्ली और एनसीआर इन दिनों वायु प्रदूषण की मार झेल रहा है। हवा में बढ़ते प्रदूषक सांस के माध्यम से शरीर में पहुंचकर कई प्रकार की बीमारियों को बढ़ाने वाले हो सकते हैं। वायु प्रदूषण के संपर्क में रहने के कारण सांस से संबंधित समस्याओं का जोखिम तो बढ़ता ही है साथ ही ये हृदय रोग, फेफड़ों में संक्रमण सहित कई अन्य प्रकार की समस्याओं को भी बढ़ाने वाली हो सकती है। प्रदूषण के कारण प्रारंभिक स्थिति में आंखों में जलन, लालिमा और खुजली होने की समस्या सबसे ज्यादा देखी जाती रही है।

विशेषज्ञ ने भी इससे बचने की सलाह

विशेषज्ञों का कहना है कि घर से बाहर निकलते समय प्रदूषण के स्तर की जांच जरूर कर लें। वायु प्रदूषण गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। इसके कारण श्वसन, हृदय और मस्तिष्कवाहिकीय प्रणालियों से संबंधित कई तरह की दिक्कतों का खतरा रहता है। इतना ही नहीं वायु प्रदूषण के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण दीर्घकालिक बीमारियां और इससे मृत्यु का भी जोखिम हो सकता है। इसके प्रतिकूल प्रभाव विशेष रूप से कमजोर आयु वर्ग वाले लोग जैसे कि बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों में अधिक देखी जाती रही है। ऐसे लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है।

विमान में बम की सूचना पर मचा हड़कंप, इमरजेंसी लैंडिंग करवाई, उड़ानें प्रभावित

रायपुर , छत्तीसगढ़ के रायपुर में स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर गुरुवार को नागपुर से कोलकाता जा रहे एक विमान में बम की सूचना मिलने के बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

खबरों के अनुसार, विमान में बम होनने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा कारणों से रायपुर एयरपोर्ट पर उसकी इमरजेंसी लैंडिंग करने का निर्णय लिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा कर दिया गया और बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया।

यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और विमान को तुरंत खाली करवा लिया गया। विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं, इस घटना के बाद रायपुर एयरपोर्ट पर कुछ समय के लिए उड़ानें प्रभावित हुईं। सुरक्षा को लेकर विमान की जांच जारी है।

फर्जी आईडी से बैंक खाते खुलवाने के मामले में ईडी की एंट्री

महाराष्ट्र व गुजरात में 23 जगहों पर छापेमारी

नई दिल्ली ,भारतीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)ने कथित वोट जिहाद मामले के तहत महाराष्ट्र और गुजरात में 24 स्थानों पर छापेमारी की है। यह मामला मुख्य रूप से फर्जी दस्तावेजों और नकली चङ्कष्ट के माध्यम से बड़े पैमाने पर बैंक खाते खोलने से जुड़ा हुआ है। ईडी के सूत्रों के मुताबिक ये छापेमारी विशेष रूप से वित्तीय धोखाधड़ी और अवैध तरीके से बड़ी संख्या में बैंक खाते खोलने के मामले में की जा रही है। ईडी की जांच में पाया गया है कि कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों और नकली चङ्कष्ट के जरिए कई बैंक खातों को खोला गया। यह आरोप लगाया जा रहा है कि इन खातों का उपयोग वोट जिहाद के उद्देश्य से किया गया जिससे चुनावों में धोखाधड़ी की कोशिश की जा रही थी। ऐसे मामलों में बैंकिंग प्रणाली का दुरुपयोग कर जन प्रतिनिधित्व और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया गया था। ईडी के सूत्रों ने बताया कि छापेमारी महाराष्ट्र और गुजरात के कई प्रमुख स्थानों पर चल रही है। अहमदाबाद में 13 स्थानों पर, सूरत में 3 जगहों पर, मालेगाव में 2 जगहों पर, नासिक में एक स्थान पर और मुंबई में 5 स्थानों पर एक साथ छापे मारे जा रहे हैं। छापेमारी के दौरान विभिन्न दस्तावेज और सबूत इक्ठे किए गए हैं जो जांच की दिशा में अहम हो सकते हैं।

अपराध की गंभीरता और जांच की आगे की प्रक्रिया

इस मामले को लेकर जांच एजेंसी ने साफ किया है कि मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए सभी पहलुओं की जांच की जाएगी।

होम स्टे योजना से युवा बन रहे आत्मनिर्भर : महाराज

मदमहेश्वर घाटी के रासी, उनियाणा, राऊलैक, मनसूना सहित विभिन्न गांवों में किया जनसम्पर्क

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने केदारनाथ विधानसभा के उपचुनाव में ऊखीमठ मंडल के अन्तर्गत मदमहेश्वर घाटी के विभिन्न गांवों में नुक्कड़ सभायें व जन सम्पर्क कर भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि मदमहेश्वर घाटी के विभिन्न गांवों में होम स्टे योजना से दर्जनों युवा आत्मनिर्भर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद अन्य गांवों में भी हमारी सरकार होम स्टे योजना को बढ़ावा देकर युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने तथा स्थानीय उत्पादों को बढावा देने का प्रयास करेगी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने मदमहेश्वर घाटी के रासी, उनियाणा, राऊलैक, मनसूना सहित विभिन्न गांवों में जनसम्पर्क करते हुए क्षेत्रीय जनता का आह्वान करते हुए कहा कि मदमहेश्वर घाटी द्वितीय भगवान मदमहेश्वर, हिमालय में विराजमान मनणामाई व भगवती राकेश्वरी की तपस्थली होने के कारण घाटी की विशिष्ट पहचान है। कहा कि मदमहेश्वर घाटी में तीर्थाटन, पर्यटन की अपार सम्भावनायें हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केदारनाथ धाम का चहंमुखी विकास हो रहा है तथा प्रतिवर्ष चारधाम यात्रा में इजाफा हो रहा है। आगामी यात्रा शुरू होने से पूर्व यात्रा के सफल संचालन के लिए यात्रा पर निर्भर हर वर्ग के सुझाव लिये जायेगे तथा स्थानीय सुझावों पर यात्रा संचालन की कार्य योजना तैयार की जायेगी।

श्री महाराज ने मंत्री कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन का निर्माण कार्य 2027 तक पूर्ण हो जायेगा तथा कन्या कुमारी से लेकर कर्णप्रयाग तक का सफर सुगम होने से चार धाम यात्रा में और वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि आगामी यात्रा सीजन से पूर्व द्वितीय केदार मदमहेश्वर धाम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा तथा मदमहेश्वर धाम व मनणामाई तीर्थ को पर्यटन मानचित्र पर अंकित करने की सामूहिक पहल की जायेगी। उन्होंने विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा कि विपक्ष मिथ्या प्रचार कर रही है। इससे कभी भी क्षेत्र का हित नहीं हो सकता है। इस अवसर पर राज्य मंत्री चण्डी प्रसाद भटट्, प्रधान कुन्ती देवी, महावीर पंवार, कमलेन्द्र नेगी, प्रताप राणा, राजेश्वरी देवी, देवेन्द्र पंवार, पूर्व कनिष्ठ प्रमुख नर्मदा देवी, जगदीश लाल, गोविन्द पंवार, कुवर सिंह नेगी, भाजपा मीडिया प्रभारी सतेन्द्र बर्त्वाल, राकेश धिरवाण, संजय मनवाल, भाजपा मण्डल महामंत्री दलवीर नेगी, बीरेन्द्र असवाल, धीरेन्द्र थपलियाल, प्रकाश रावत, गजपाल बर्त्वाल, परमजीत, शिव सिंह नेगी, महावीर रावत, यशपाल पंवार, नीता देवी सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

मदमहेश्वर धाम को पांचवा धाम घोषित करने की मांग

जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज से मनणामाई तीर्थ में मदानी नदी पर पुल निर्माण, राकेश्वरी मन्दिर में सभा मण्डप निर्माण, बुरुवा-मालदी मोटर मार्ग निर्माण, ऊखीमठ-मनसूना-अकतोली मोटर मार्ग को हाट मिक्स करने, मदमहेश्वर धाम को पांचवा धाम घोषित करने की मांग की। उन्होंने रुद्रप्रयाग-चोपता-पोखरी मोटर मार्ग पर हो रहे डामरीकरण की गुणवत्ता को दरकिनार करने की भी शिकायत की।

सम्पादकीय

प्रगतिशील और समावेशी शिक्षा प्रणाली जरूरी

भारतीय शिक्षा प्रणाली पुरातन काल से ही हमेशा परंपरा और नवाचार के संगम पर खड़ी रही है, और यह 'वसुधैव कुटुम्बकम' की प्राचीन बुद्धिमत्ता का प्रतीक है, जिसका अर्थ है कि 'संपूर्ण विश्व एक परिवार है। ' यह प्राचीन दर्शन आधुनिक संदर्भ में भी पूरी तरह अनुकूल है। जिस प्रकार हम तेजी से तकनीकी उन्नति और वैश्वीकरण की ओर बढ़ रहे हैं, उस प्रक्रिया में भारतीय शिक्षा प्रणाली का विकास वैश्विक समुदाय को प्रभावित करने और प्रेरित करने की क्षमता रखता है। यह एक सुस्थापित तथ्य है कि भारत की शैक्षणिक विरासत हजारों वर्ष पुरानी है। प्राचीन दशमलव प्रणाली और पाई की अवधारणा जैसे नवाचार यह दर्शाते हैं कि कैसे भारतीय विद्वानों ने वैश्विक ज्ञान को आकार दिया। ये नवाचार सिर्फ गणितीय जिज्ञासाएं नहीं थे, बल्कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी में विकास की नींव भी बने। आज की चुनौती यह है कि भारत के ऐतिहासिक और समृद्ध साहित्य को समझा जाए और इसे समकालीन जरूरतों के अनुसार अध्ययन कर विकसित भारत की संकल्पना को साकार किया जाए।

तेजी से बदलती आज की दुनिया में शिक्षा को केवल पाठ याद करने से परे सीखने की कोशिश पर केंद्रित होना चाहिए। इसका ठोस फोकस समझदारी और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने पर होना चाहिए। जैसे–जैसे हम 2047 की ओर बढ़ते जा रहे हैं, जो भारत के विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, हमें एक ऐसा मजबूत शैक्षणिक ढांचा बनाने की आवश्यकता है, जो रोजगार क्षमता और वास्तविक अनुप्रयोगों के साथ मेल खाता हो। यह रेखांकित किया जाना आवश्यक है कि भविष्य की शिक्षा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, नवाचार और अनुसंधान को एकीकृत करने पर निर्भर है। इन स्तंभों को शामिल कर भारतीय शिक्षा प्रणाली एक जिज्ञासा और समस्या–समाधान की संस्कृति को प्रोत्साहित कर सकती है तथा छात्रों को आधुनिक कार्यबल की जटिलताओं के लिए समुचित रूप से तैयार कर सकती है। वर्तमान में उभरती तकनीकें, जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ), मशीन लर्निंग और ब्लॉकचेन शिक्षा में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही हैं। ये तकनीकें व्यक्तिगत शिक्षण अनुभव को संवर्धित करने, प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और शैक्षिक परिणामों पर महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करने में सहायक हो सकती हैं। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने के लिए शिक्षा की गुणवत्ता में समुचित सुधार पर विशेष ध्यान देना अनिवार्य है। इस प्रक्रिया में लड़कियों की शिक्षा पर विशेष रूप से ध्यान देना होगा। समावेशी शिक्षा केवल सामाजिक न्याय का मामला नहीं है, यह राष्ट्रीय विकास के लिए एक रणनीतिक आवश्यकता है। वहीं, शिक्षा और रोजगार की संगति एक महत्वपूर्ण पहलू है। जैसे–जैसे उद्योग विकसित होते हैं, वैसे–वैसे आवश्यक कौशल लगातार बदलते रहते हैं। शिक्षा प्रणालियों को ऐसे पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिए अनुकूलित करना चाहिए, जो वर्तमान और भविष्य की नौकरी के बाजार से संबंधित हों। इसमें शैक्षिक संस्थानों और उद्योग जगत के बीच करीबी सहयोग की आवश्यकता होती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि स्नातकों के पास नियोक्ताओं द्वारा मांगे गये कौशल और ज्ञान हों। आने वाले समय में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) तकनीक और अवसंरचना में निवेश, जिसमें बैटरी विकास और चार्जिंग नेटवर्क भी शामिल हैं, परिवहन को क्रांतिकारी बना सकता है। इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में कुशल श्रमिकों की आवश्यकता होगी। साथ ही, उच्च–तकनीकी नौकरियों का सृजन भी होगा। इसी तरह भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण क्षमताओं को बढ़ाने से आयात पर निर्भरता कम हो सकती है और तकनीकी क्षेत्र में विकास को अधिक प्रोत्साहन मिल सकता है।

बस अच्छी फिल्में तो बनाई जाएं थिएटर तक आने को तैयार हैं

पंकज दुबे

तुम्बाड देखना एक ऐसा अनुभव है, जो आपको डराता भी है, सोचने पर मजबूर भी करता है, और सिनेमाई स्तर पर गहरे तक छू जाता है। इसमें छोटी से छोटी चीज़ का भी एक अर्थ है। फ़िल्म की सिनेमेटोग्राफी, सेट डिज़ाइन, और कलर पैलेट– सब आपस में एक गहरे संबंध में बंधे हुए हैं। बारिश, कीचड़ और अंधेरे का उपयोग फ़िल्म के माहौल को और गहराई देता है। यह ऐसा है, जो फिल्म को एक अलग ही स्तर पर ले जाता है। तुम्बाड' अपनी नैरेटिव की क्लासिकी के लिए भी हमेशा याद रखी जाएगी।

हिंदी फ़िल्म उद्योग में 2024 में एक नई शुरुआत यह हुई है कि बहुत–सी अच्छी, सार्थक और लोकप्रिय फ़िल्मों को सिनेमाघरों में एक बार फिर से रिलीज़ किया जा रहा है। इस श्रृंखला में अब तक तेज़ाब (1988), मैंने प्यार किया (1989), ताल (1999), रहना है तेरे दिल में (2001), वीर ज़ारा (2004), रॉकस्टार (2011), गैंग्स ऑफ़ वासेपुर (2012) के साथ–साथ 2018 की एक दिलचस्प फ़िल्म तुम्बाड' को भी फिर से रिलीज़ किया गया है। इस ट्रेंड ने सिनेमाघरों में जाकर फ़िल्में देखने वाले दर्शकों में एक नया उत्साह भरा है।

तुम्बाड' एक पीरियड हॉरर फ़िल्म है, जो राही अनिल बर्वे द्वारा निर्देशित है। फ़िल्म के लेखक हैं मितेश शाह, आदेश प्रसाद और आनंद गांधी। इस फ़िल्म में आनंद गांधी ने क्रिएटिव डायरेक्टर के रूप में भी काम किया है।

तुम्बाड' की दोबारा रिलीज़ इसके दर्शकों के लिए सिनेमाघरों में एक बार फिर से एक अनोखा अनुभव लेकर आई है। इसने उन दर्शकों का भी ध्यान अपनी तरफ खींचा है, जिन्होंने पहले यह फ़िल्म मिस कर दी थी। तुम्बाड आज भी उतनी ही प्रभावशाली और जादुई लगती है, जितनी पहले थी।

तुम्बाड' की कहानी महाराष्ट्र की एक प्राचीन लोककथा पर आधारित है। यह कहानी लालच, रहस्य और भय का ऐसा मेल है कि दर्शकों के मन में कई सवाल उठाती है और बुनियादी ह्यूमन इंस्टिंक्ट्स के इर्द–गिर्द सोचने पर मजबूर करती है। यह फ़िल्मकार का कौशल ही है कि वह दर्शकों को बखूबी हस्तर' के किरदारों का जीवंत साक्षी बना देता है। साथ ही वह तुम्बाड की रहस्यमयी दुनिया में डर के साथ–साथ कहानी की गहराई को भी बढ़ाता है।

तुम्बाड' की कहानी धरती माता के पुत्र हस्तर देवता पर आधारित है। वास्तविक जीवन में भगवान हस्तर के बारे में कोई भी ग्रंथ या लोककथा ढूंढ पाना मुश्किल है। फिल्म में हस्तर के बारे में बताया गया है कि वह उस देवी का सबसे प्रिय पुत्र है, जिसने सभी देवी देवताओं को जन्म दिया। फ़िल्म में हस्तर को एक पौराणिक देवता के रूप में दिखाया गया है, जो धन और अनाज का देवता है। फ़िल्म की कहानी के अनुसार, हस्तर एक लालची और स्वार्थी देवता था, जिसने अपने हिस्से से हमेशा ज़्यादा की चाह रखी। उसने देवी के खज़ाने से सारा सोना ले लिया और फिर सारा अनाज भी लेना चाहा लेकिन, दूसरे देवताओं ने उसे अनाज नहीं लेने दिया। उस पर हमला कर दिया। बाद में उसे अनाज से वंचित कर दिया गया। इसके अलावा उसे धार्मिक ग्रंथों से गायब कर दिया गया और पूरी दुनिया उसके बारे में भूल गई। फिल्म के अनुसार, हस्तर अभी भी अपनी मां की कोख में कैद है। हस्तर के बारे में कहा गया कि उसका नाम नहीं लेना चाहिए, उसका नाम लेने से विनाश हो सकता है। वहीं, हस्तर' का सिर किसी ऑक्टोपस जैसा था, पंख किसी चमगादड़ जैसे थे और आंखें सुनहरी थीं। हस्तर' हमेशा एक पीले रंग के कपड़े से ढका रहता था।

तुम्बाड' देखना एक ऐसा अनुभव है, जो आपको डराता भी है, सोचने पर मजबूर भी करता है, और सिनेमाई स्तर पर गहरे तक छू जाता है। इसमें छोटी से छोटी चीज़ का भी एक अर्थ है। फ़िल्म की सिनेमेटोग्राफी, सेट डिज़ाइन, और कलर पैलेट– सब आपस में एक गहरे संबंध में बंधे हुए हैं। बारिश, कीचड़ और अंधेरे का उपयोग फ़िल्म के माहौल को और गहराई देता है। यह ऐसा है, जो फिल्म को एक अलग ही स्तर पर ले जाता है। तुम्बाड' अपनी नैरेटिव की क्लासिकी के लिए भी हमेशा याद रखी जाएगी।

फ़िल्म की कहानी एक क्लासिकल तरीके से आगे बढ़ती है, जिसमें सार्वभौमिकता का अहसास है। राही अनिल बर्वे का निर्देशन अद्भुत है। इस तरह की जटिल कहानी को सरलता से और प्रभावशाली ढंग से पर्दे पर लाना आसान काम नहीं है। सीन–दर–सीन वे दर्शकों को कहानी के साथ बांधे रखते हैं, और हर दृश्य में डर और रोमांच का एहसास कराते हैं। अगर हम इस फ़िल्म में कलाकारों की परफॉर्मेंस की बात करें तो इसमें सभी किरदार है यादगार हैं। सोहम शाह ने विनायक का किरदार बड़ी गहराई से निभाया है। विनायक का लालच और उसकी आंखों में दिखने वाला जुनून दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ता है। इसके अलावा बाकी कलाकारों ने भी अपने–अपने किरदार को पूरी शिद्दत से निभाया है। हर किरदार का अभिनय इतना प्रभावशाली है कि वो कहानी में जीवंत लगते हैं।

तुम्बाड' का म्यूजिक़ और साउंड डिज़ाइन फिल्म का धड़क़ता हुआ दिल है। फिल्म का बैकग्राउंड स्कोर और साउंड डिज़ाइन इतना प्रभावशाली है कि इस स्पेस में बनने वाली कई फिल्मों के लिए बखूबी रिफरेन्स के काम आ सकती है। फ़िल्म में अजय–अतुल का शानदार म्यूजिक कहानी को और मज़बूत बनाता है और हर सीन को बेहद इंटेंस और डरावना बनाता है। एक–एक साउंड इफेक्ट में इतनी बारीकी है कि यह दर्शकों को कहानी के भीतर खींच लेता है।

फ़िल्म में गाना बेशक एक ही है लेकिन वो कहानी को और गहराई देता है। इस इकलौते गीत के बेहद सार्थक गीतकार हैं राज शेखर। तुम्बाड' में म्यूजिक़ का उद्देश्य मनोरंजन से अधिक कहानी के मूड को बढ़ाना है।

अच्छी फ़िल्मों को फिर से थिएटर में रिलीज़ करने के ट्रेंड को दर्शक खुले दिल से अपना रहे हैं। तुम्बाड' जैसी मास्टरपीस को बड़े पर्दे पर देखने का अनुभव घर में देखने से एकदम अलग है। ऑडियंस का रिस्पॉन्स देखकर लगता है कि अच्छी फ़िल्मों की कद्र अभी भी बाकी है, और तुम्बाड' जैसी फिल्मों का आकर्षण कभी खत्म नहीं होता। साथ ही दर्शकों का रिस्पांस उस विवाद को भी विराम देता है कि कोविड के फलस्वरूप जो लॉकडाउन हुआ था उसने दर्शकों की कॉन्टेंट कंजम्पशन के पैटर्न को बदल कर रख दिया है और अब वो सिनेमा हॉल तक नहीं जाना चाहते हैं। लेकिन अच्छी पुरानी फ़िल्मों को देखने जाने वालों की भीड़ ने स्पष्ट इशारा कर दिया है कि वो थिएटर तक आने के लिए तैयार हैं, बस अच्छी फ़िल्में तो बनाई जाएं।

कांग्रेस के आरोप गंभीर

चुनाव की स्वच्छता पर कांग्रेस की ठोस राय क्या है? अगर देश में स्वच्छ चुनाव नहीं हो रहे, तो इस प्रश्न पर उसकी तैयारी क्या है? ऐसी शिकायतों का समाधान निर्वाचन आयोग या न्यायपालिका के पास जाने से तो नहीं हो सकता।

जैसी अपेक्षा थी, निर्वाचन आयोग ने हरियाणा चुनाव में गड़बड़ी की कांग्रेस की शिकायत ठुकरा दी है। उसने कांग्रेस के आरोपों को 'बेबुनियाद, भ्रामक और तथ्यों से दूर' बताया है। आयोग सिर्फ यहीं तक रुका। उसने कांग्रेस को चेतावनी दी कि भविष्य में पार्टी ऐसे आरोप लगाने से बाज आए। आयोग ने इल्जाम लगाया है कि ऐसे 'सामान्य' किस्म के आरोप लगाकर कांग्रेस बिना किसी साक्ष्य के झूठे कथानक फैला रही है। आयोग ने कहा है कि ऐसी बातें मतदान या मतगणना का दिन करीब आने पर की जाती हैं, जिससे भडक़ाऊ माहौल बन सकता है। हरियाणा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस ने कई निर्वाचन क्षेत्रों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में हेरफेर की शिकायत दर्ज कराई थी। कहा था कि कुछ क्षेत्रों में ईवीएम 99 प्रतिशत तक चार्ज्ड अवस्था में पाई गईं, जो सामान्यतः संभव नहीं है। अब चूंकि आयोग ने इन शिकायतों को सिरे से खारिज कर दिया है, तो सवाल है कि कांग्रेस क्या करेगी? क्या दलील मंजूर ना होने की पूरी संभावना के बावजूद वह सुप्रीम कोर्ट जाएगी? या चुपचाप इस मसले को यहीं छोड़ अगले चुनावों में मशगूल हो जाएगी? अनुमान लगाया जा सकता है कि महाराष्ट्र या झारखंड में कहीं भी इंडिया गठबंधन हारा, तो ऐसी शिकायतें फिर से उठाई जाएंगी।

आयोग की ये बात सही है कि विपक्ष अपनी हर हार के बाद ऐसा नैरेटिव खड़ा करता है। यह सच है कि विपक्ष जीत जाए, तो फिर वह जश्न मनाने में जुट जाता है। मुद्दा यह है कि चुनाव की स्वच्छता और निष्पक्षता पर कांग्रेस की ठोस राय क्या है? अगर वह मानती है कि देश में स्वच्छ चुनाव नहीं हो रहे, तो क्या इस प्रश्न पर उसने इंडिया गठबंधन के सहभागियों के साथ कोई साझा राय बनाने की कोशिश की है? ऐसी शिकायतों का समाधान निर्वाचन आयोग या न्यायपालिका में जाने से नहीं हो सकता। कांग्रेस के आरोप गंभीर किस्म के हैं। तो पहली शर्त है कि पार्टी खुद इसे गंभीरता से ले। अगर ऐसा है, तो फिर उसे व्यापक जन आंदोलन की तैयारी करनी चाहिए। वरना, इस गंभीर प्रश्न को अगंभीरता से उठाना छोड़ देना चाहिए।

नेपाल में भारतीय हिंदुओं की स्थितियां बहुत खराब

हरिशंकर व्यास

नेपाल एक समय हिंदू राष्ट्र था। दोनों देशों के लोगों के बीच रोटी, बेटी का संबंध था। जनकपुर धाम नेपाल में है, जिसे भगवान राम की ससुराल मानते हैं। पुराने मिथिला राज की राजधानी जनकपुर मानी जाती है। भारत के हजारों हिंदुओं का कारोबार नेपाल में है। सीमावर्ती शहरों का लगभग सारा कारोबार भारत के हिंदुओं के हाथ में है। नेपाल की 80 फीसदी आबादी हिंदू है। लेकिन पहले नीतिगत कारणों से भारतीय लोग नेपाली नागरिकों के निशाने पर आए और उसके बाद भारत के हिंदुओं को भी निशाना बनाया जाने लगा। स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि भारत में हिंदू, मुस्लिम का विभाजन वहां भी पहुंच गया है। हिंदुओं और मुसलमानों के बीच पिछले साल अक्टूबर में एक बड़ा विवाद हुआ था, जिसकी वजह से कई दिन तक उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे नेपालगंज के बांके शहर में कर्फ्यू लगा। असल में किसी व्यक्ति ने इंटरनेट पर इस्लाम के प्रति कोई आपत्तिजनक कंटेंट डाल दिया था। इसके विरोध में मुसलमानों ने प्रदर्शन किया। अगले दिन हिंदुओं ने शांति जुलूस निकाला तो जुलूस के ऊपर हमला हो गया। जम कर पथराव हुआ और गोलियां चलीं। वीडियो वायरल हुआ, जिसमें हिंदू भगवा ध्वज लिए हुए भाग रहे हैं और उन पर पत्थरों की बौछार हो रही है। नेपाल में भले 80 फीसदी आबादी हिंदुओं की है लेकिन वहां भारतीय हिंदुओं की स्थितियां बहुत खराब है।

मुंबई में गैंगस्टर गिरोहों की वापसी की आहट

विद्याधर दाते

हत्या के बाद कहानी इतनी तेजी से सामने आयी है कि कई सवाल अभी भी बने हुए हैं, जिनमें सबसे अहम यह है कि बिश्नोई गुजरात में हिरासत में है। पुलिस ने उसी रात सिद्दीकी मामले में दो त्वरित गिरफ्तारियां कीं और उसके बाद एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। यह तीसरा व्यक्ति उस आदमी का भाई है, जिसने बिश्नोई गिरोह की ओर से हत्या का दावा किया था। क्या यह मामला इतना सरल हो सकता है?

एक समय था, जब मुंबई में दिनदहाड़े गोलीबारी होती थी और गैंगस्टर खुलेआम घूमते थे। ऐसा लगता है कि 12 अक्तूबर को महाराष्ट्र के विवादित पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद से कुछ ऐसा माहौल वापस आ गया है। सिद्दीकी बॉलीवुड सितारों के साथ करीबी संबंधों के लिए जाने जाते थे। जिन लोगों ने 66 वर्षीय सिद्दीकी को गोली मारी, वे अपने चेहरे को रुमाल से ढंके हुए थे। पुलिस ने इसे कॉन्ट्रैक्ट हत्यारों का काम बताया है। गैंगलैंड स्टाइल की यह हत्या राजनेता–बिल्डर–अंडरवर्ल्ड गठजोड़ की शक्ति, पहुंच तथा कानून और व्यवस्था के प्रति अवमानना को दर्शाती है, जो देश के सबसे प्रमुख महानगर मुंबई में बेखौफ काम कर रहा है। लंबे समय तक कांग्रेस सदस्य और सम्मानित स्टार सुनील दत्त के करीबी सहयोगी रहे सिद्दीकी इस साल के शुरू में अजीत पवार गुट की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गये थे, जो अभी भाजपा के साथ महाराष्ट्र में सत्ता में है। उससे पहले उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की जांच चल रही थी, पार्टी छोड़ने के बाद वह मामला आगे नहीं बढ़ा। एक सत्तारूढ़ पार्टी के इस कार्यकर्ता की हत्या तब हुई है, जब तमाम दल आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में हैं। बाबा सिद्दीकी को एक पखवाड़े पहले ही जान से मारने की धमकी मिली थी, जिसके बाद उन्हें 'वाई' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गयी थी।

आधिकारिक कहानी यह है कि यह हत्या लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह का काम है। सिद्दीकी की अभिनेता सलमान खान से निकटता को इसकी वजह बताया गया है, जिन्होंने कथित तौर पर 1998 में एक काले हिरण का शिकार किया था, जिसे बिश्नोई समुदाय पवित्र मानता है। इस साल अप्रैल में सलमान खान के घर पर गोलीबारी हुई थी। उस मामले में गिरफ्तार आरोपियों में से एक अनुज थापन ने बाद में पुलिस हिरासत में आत्महत्या कर ली थी, जिससे मामले में एक नया मोड़ आ गया। अब शायद सलमान खान के सभी दोस्त और सहयोगी बिश्नोई गिरोह के निशाने पर हैं। लेकिन हत्या के बाद कहानी इतनी तेजी से सामने आयी है कि कई सवाल अभी भी बने हुए हैं, जिनमें सबसे अहम यह है कि बिश्नोई गुजरात में हिरासत में है। पुलिस ने उसी रात सिद्दीकी मामले में दो त्वरित गिरफ्तारियां कीं और उसके बाद एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। यह तीसरा व्यक्ति उस आदमी का भाई है, जिसने बिश्नोई गिरोह की ओर से हत्या का दावा किया था। क्या यह मामला इतना सीधा व सरल हो सकता है?

बाबा सिद्दीकी को रियल एस्टेट कारोबार से जुड़ाव के लिए भी जाना जाता था। बिल्डरों ने मुंबई के परिदृश्य को बदल दिया है, और कई मायनों में शहर को आंखों को चुभने वाली कंक्रीट की ऊंची इमारतों में बदल दिया है, जिनकी चमक नकली है। कई इमारतें अधूरी ही छोड़ दी गयी हैं क्योंकि रियल एस्टेट का बाजार बढ़ता और घटता रहता है। रियल एस्टेट के निवेशकों को अब इसमें अपेक्षित रिटर्न मिलता नहीं दिखता। फिर भी, जमीन का आकर्षण और उससे मिलने वाले रिटर्न की संभावना देश के सबसे धनी शहर में पहले की तरह ही बनी हुई है। कुछ मामलों में राजनेता भूमि सौदों और बिल्डरों से निकटता से जुड़े होते हैं, जैसे कि बाबा सिद्दीकी कथित तौर पर थे। कुछ राजनेता स्वयं बिल्डर होते हैं, जैसे मुंबई के भाजपा के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा हैं। लोढ़ा और उनका रियल एस्टेट व्यवसाय समूह अपने प्रभाव और मुंबई को नया आकार देने के साथ–साथ कीमतें बढ़ाने के लिए जाने जाते हैं, जिससे यह शहर अमीरों के लिए उपयुक्त और औसत या गरीब लोगों के लिए मुश्किल होता गया है।

बाबा सिद्दीकी उस बांद्रा पश्चिम से विधायक थे, जिसे कभी उपनगरों की रानी के रूप में जाना जाता था। लेकिन बिल्डरों के बढ़ते दबाव के कारण इसका आकर्षण कम होता जा रहा है। पहले इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व साधारण लोग करते थे, जिसका एक उदाहरण 1970 के दशक में पूर्व शिक्षा मंत्री सदानंद वर्दे रहे हैं। वर्दे एक समाजवादी थे और बांद्रा के नेशनल कॉलेज में अर्थशास्त्र के व्याख्याता थे। एक अन्य प्रतिनिधि और स्कूल शिक्षक सलीम जकारिया भी राज्य के शिक्षा मंत्री बने थे। बांद्रा के एक साधारण पृष्ठभूमि के एक और व्यक्ति रामदास नायक थे, जो मुंबई में भाजपा के नेता थे। अगस्त 1994 में 52 साल की उम्र में दाउद्र इब्राहिम गिरोह के सदस्यों ने गोली मार कर उनकी हत्या कर दी थी। बांद्रा की मुख्य सड़क हिल रोड का नाम अब उनकी याद में रखा गया है। नायक भाजपा की मुंबई इकाई के अध्यक्ष थे और भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाते थे।

सिंघम अगेन ने दूसरे संडे मचाया धमाल, 200 करोड़ का आंकड़ा किया पार

रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की लेटेस्ट रिलीज फिल्म ह्यसिंघम अगेनह्न इस दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इस एक्शन थ्रिलर को दर्शकों से भरपूर प्यार मिला है. हालांकि बंपर ओपनिंग के बाद वीकडेज में फिल्म की कमाई में गिरावट भी आई और ये सिंगल डिजिट में भी सिमट गई थी लेकिन दूसरे वीकेंड पर ह्यसिंघम अगेनह्न ने फिर से रफ्तार पकड़ ली और बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया. चलिए यहां जानते हैं ह्यसिंघम अगेनह्न ने रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे संडे को कितना कलेक्शन किया है?

ह्यसिंघम अगेनह्न रिलीज से पहले ही काफी हाईप क्रिएट किए हुए थी. दरअसल फिल्म में अजय देवगन, करीना कपूर, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और अर्जुन कपूर जैसे दिग्गज सितारों को एक साथ स्क्रीन पर देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड थे और फिल्म में सलमान खान के कैमियों को लेकर भी काफी चर्चा थी. इस बज के चलते ह्यसिंघम अगेनह्न ने रिलीज के पहले दिन बंपर कमाई की थी. वहीं ओपनिंग वीकेंड पर फिल्म 100 करोड़ के पार हो गई थी लेकिन वीकडेज में फिल्म के कलेक्शन का ग्राफ काफी नीचे भी आ गया था. हालांकि दूसरे वीकेंड पर ह्यसिंघम अगेनह्न ने एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर गदी उड़ा दिया है.

फिल्म की अब तक की कमाई की बात करे तो 43.5 करोड़ से खाता खोलने वाली ह्यसिंघम अगेनह्न ने पहले हफ्ते में 173 करोड़ का कारोबार किया था. वहीं दूसरे फ्राइडे फिल्म ने 8 करोड़ और दूसरे शनिवार 12.25 करोड़ का कलेक्शन किया.

दक्षिण अफ्रीका बनाम भारत: चौथे टी–20 मैच की ड्रीम इलेवन, प्रीव्यू और अहम आंकड़े

नईदिल्ली,। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच चौथा टी–20 मैच 15 नवंबर को खेला जाएगा। इस समय सीरीज में भारतीय टीम 2–1 से आगे है।ऐसे में सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में टीम सीरीज जीतने की कोशिश करेगी। एडेन मार्करम की टीम यह मुकाबला जीतकर सीरीज बराबरी पर लाना चाहेगी। यह मुकाबला वांडरर्स स्टेडियम, जोहान्सबर्ग में खेला जाएगा।ऐसे में आइए इस मुकाबले की ड्रीम इलेवन, प्रीव्यू और अन्य बातों के बारे में जानते हैं। दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच पहला टी–20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला साल 2006 में खेला गया था।अब तक दोनों टीमों के बीच 30 मैच खेले गए हैं, जिसमें से 12 मैच में दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली है और 17 मैच भारतीय टीम ने जीते हैं।1 मैच बेनतीजा भी रहा है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके घर पर भारत को 8 टी–20 मैच में जीत और 4 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है।भारतीय टीम को तीसरे टी–20 में शानदार जीत मिली थी। हालांकि, संजू सैमसन लगातार दूसरे मुकाबले में खाता खोले बिना पवेलियन लौट गए।

आईपीएल 2025 से पहले आरसीबी के खिलाड़ी का धमाल

–8 छक्के और 18 चौके लगाते हुए जड़ा तूफानी दोहरा शतक

नईदिल्ली, इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के लिए होने वाली नीलामी से पहले सभी खिलाड़ी अपने प्रदर्शन पर ध्यान लगाए हुए हैं. उनका प्रदर्शन ही उन्हें रातों रात करोड़पति बना सकती है. रणजी ट्रॉफी में खेल रहे तमाम खिलाड़ी इसी वजह से प्रदर्शन पर अपना फोकस लगाए हुए हैं. आरसीबी के एक खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी में दोहरा शतक ठोक अपनी दावेदारी मजबूत कर दी है. हम जिस खिलाड़ी की बात कर रहे हैं वो हैं महिपाल लोमरोर. आरसीबी के लिए खेल चुके लोमरोर ने राजस्थान की तरफ से खेलते हुए उत्तराखंड के खिलाफ बेहतरीन और विस्फोटक दोहरा शतक लगाया है. महिपाल ने 253 गेंद में 8 छक्के और 18 चौके लगाते हुए नाबाद 200 रन बनाए. वे अभी भी क्रीज पर जमे हुए हैं.महिपाल लोमरोर ने निचले क्रम में आकर आरसीबी के लिए कुछ अच्छी पारियां खेली हैं. लेकिन आईपीएल 2025 के पहले टीम ने उन्हें रिलीज कर दिया था. रणजी ट्रॉफी में लगाए इस तूफानी दोहरे शतक के बाद ऑक्शन में उन्हें बड़ी कीमत मिल सकती है. 24 साल का ये खिलाड़ी एक बेहतरीन बल्लेबाज होने के साथ साथ बाएं हाथ से स्पिन गेंदबाजी भी करता है. इसलिए कोई भी टीम लोमरोर पर को अपने साथ जोड़ना चाहेगी. 2018 से आईपीएल खेल रहे महिपाल लोमरोर ने 40 मैचों में 527 रन बनाए हैं. इसमें 30 छक्के और 33 चौके मिलते हैं. उन्हें बल्लेबाजी के मौके काफी कम मिलते हैं अन्यथा उनका रिकॉर्ड और बेहतर हो सकता था. बात अगर घरेलू टी 20 की करें तो ये खिलाड़ी अबतक 100 मैच खेल चुका है. 94 पारियों में 17 बार नाबाद रहते हुए 11 अर्धशतक की मदद से 1991 रन उन्होंने बनाए हैं.

दिव्यांका त्रिपाठी की द मैजिक ऑफ शिरी का ट्रेलर जारी



टीवी की दुनिया से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वालीं एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी इन दिनों अपनी आने वाली वेब सीरीज ह्यद मैजिक ऑफ शिरीह्न को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। मेकर्स ने अब फैंस के इंतजार को खत्म करते हुए इस सीरीज के ट्रेलर को रिलीज कर दिया है, जो फैंस को बहुत पसंद आ रहा है। इस सीरीज के टीजर में एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी जादूगरनी के किरदार में दिखेंगी।

टीवी शो ये है मोहब्बतें में डॉ. इशिता भल्ला का किरदार निभाकर घर–घर में पहचान बनाने वालीं अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी का लुक वेब सीरीज ह्यद मैजिक ऑफ शिरीह्न के ट्रेलर में एक दम साधारण है, लेकिन जादूगरनी के वेश में आते ही दिव्यांका काफी मिस्टीरियस लगने लगती हैं। ट्रेलर में दिव्यांका को एक मां और एक पत्नी के रूप में भी दिखाया गया है। ट्रेलर के कुछ शॉट्स में जादूगरनी के नॉर्मल लाइफ के सीन्स भी हैं, जिसमें वह अपने पति और बच्चों के साथ स्कूटर में ट्रैवल करती नजर आ रही हैं। द मैजिक ऑफ शिरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर 13 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। जियो सिनेमा ने अपने आधिकारिक ट्विटर द मैजिक ऑफ शिरी का ट्रेलर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मेहरबान, कदरदान, साहिबान, आ रही है शीरी दिखाने असल जिंदगी का जादू।

वहीं, जावेद जाफरी भी इस सीरीज में हैं, जो दिव्यांका की तरह ही एक जादूगर हैं। ट्रेलर में जावेद जाफरी जादूगरनी दिव्यांका की सफलता का विरोध करते नजर आ रहे हैं। इससे साफ हो रहा है कि सीरीज में जावेद जाफरी नेगेटिव किरदार में हैं।

शिवभक्त बनकर फिर तांडव मचाने आ रहे नंदमुरी बालकृष्ण! अखंडा 2 का हुआ एलान

साउथ सुपरस्टार नंदमुरी बालकृष्ण और प्रज्ञा जायसवाल ने बोयापति श्रीनु की आगामी प्रोजेक्ट के लिए हाथ मिलाया है. नंदमुरी और बोयापति का यह चौथा कोलैबोरेशन है. मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर फिल्म के टाइटल का अनाउंसमेंट किया है. यह अनाउंसमेंट प्रोजेक्ट के पूजा सेरेमनी के दौरान किया गया है. साउथ फिल्म इंडस्ट्री के फेमस डायरेक्टर बोयापति श्रीनु ने अपने आगामी प्रोजेक्ट के लिए पूजा सेरेमनी का आयोजन किया. पूजा में फिल्म के लीड एक्टर नंदमुरी रेड कलर का कुर्ता पहनकर पहुंचे. मेकर्स ने उनका भव्य तरीके से स्वागत किया. दोनों ने पूजा में भाग लिया. इस दौरान डायरेक्टर ने अपने आगामी प्रोजेक्ट के टाइटल का खुलासा किया है. नंदमुरी बालकृष्ण और बोयापति श्रीनु की आगामी फिल्म का टाइटल अखंडा 2: तांडवम है. ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के अनुसार, बालकृष्ण–बोयापति श्रीनु अखंडा 2 के लिए फिर साथ आए है.

ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया के लिए खुशखबरी

नईदिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम 5 टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर सीरीज खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुकी है. न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में भारतीय टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था और टीम को 3–0 से हार का सामना करना पड़ा था. इसके बाद से ही ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर टीम इंडिया के फैंस के बीच संशय की स्थिति है. फैंस इस बात को लेकर चिंतित हैं कि भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया में कैसा प्रदर्शन होगा. इस शंका के बीच एक बेहद अच्छी खबर आई है. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए चुनी गई टीम इंडिया स्कवॉड में फिटनेस की वजह से मोहम्मद शमी को जगह नहीं मिली थी. शमी ने इसके बाद रणजी ट्रॉफी में उन्होंने खेलने का फैसला किया और बंगाल के लिए खेलते हुए अपने पहले ही मैच की पहली पारी में मध्यप्रदेश के खिलाफ 4 वि

एक नजर

19 से शुरू होगा तीलू रौतेली स्मृति ग्रामोत्सव

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : बीरोंखाल ब्लॉक अंतर्गत कांडा मल्ला में वीरांगना तीलू रौतेली ग्रामोत्सव का आयोजन 19 से 21 नवंबर तक होगा। कांडा मल्ला पूर्व प्रधान महिपाल सिहं गोर्ला ने बताया कि तीन दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में युवा मंगलदलों कि वालीबॉल प्रतियोगिता, महिला मंगलदलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

नुक्कड़ नाटक से बताए भ्रष्टाचार से बचाव के तरीके

नई टिहरी : टीएचडीसी इंडिया टिहरी इकाई में सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भ्रष्टाचार से बचाव के तरीके बताए गए। कहा कि यदि कोई व्यक्ति रिश्वत की मांग करता है, तो उसकी शिकायत सतर्कता विभाग को करें। टीएचडीसी कार्यालय परिसर में नरेंद्र महिला विद्यालय की छात्राओं ने सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजित किए। एजीएम डीपी पात्रों, एके कंसल, संजय महर और उप महाप्रबंधक (सर्तकता) एनके नौटियाल ने कहा कि टीएचडीसी पारदर्शी तरीके से कार्य कर उर्जा के क्षेत्र में राष्ट्र को सबल बनाने में भूमिका निभा रहा है। नाटक में छात्राओं सभी को भ्रष्टाचार उन्मूलन के प्रति जागरूक किया। अलग-अलग तरीके से ली जाने वाली रिश्वत, धोखाधड़ी और अपने पद का दुरपयोग करने पर कटाक्ष किया गया। उन्होंने भ्रष्टाचार से संबंधित कार्यप्रणाली को जड़ से मिटाने के उपाय सुझाए। कहा कि आसपास हो रहे भ्रष्टाचार के बारे में अपनी पहचान को गोपनीय रखते हुए विजलेंस को सूचना दें। इस मौके पर वरिष्ठ प्रबंधक मोहन सिंह, प्रबंधक मनोज राय, मनबीर सिंह नेगी, दीपक उनियाल, जेपी चमोली, पुरुषोत्तम रावत, सहायक प्रबंधक शेर सिंह रावत, रामपाल सिंह पड़ियार, शुभम तोपवाल आदि मौजूद थे।

17 को लगेगा विधिक जागरूकता शिविर

नई टिहरी : जनपद के ब्लॉक जाखणीधार के जय किसान इंटर कालेज रौढ़धार में 17 नवंबर को बहुद्देशीय विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उत्तराखंड के कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी प्रतिभाग करेंगे। विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित इस शिविर में सभी सरकारी विभागों के जनसेवा कैंप लगाकर विभिन्न प्रमाण पत्र बनाने के साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का वितरण किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सीनियर सिविल जज आलोक राम त्रिपाठी ने आम लोगों से शिविर में शामिल होने की अपील की है।

डीएम ने किया 1.76 करोड़ से बने फिटनेस सेंटर का लोकार्पण

नई टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित ने 1.76 करोड़ रुपये की लागत से क्रीड़ा विभाग के सभागार में बने फिटनेस सेंटर का गुरुवार को लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नई टिहरी सहित जिलेभर में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जा रहा है। फिटनेस सेंटर में विभिन्न एडवांस उपकरण, पोलो, कैरम, चेस, योगा, टेबल टेनिस सहित कई अन्य खेलों का स्थानीय लोग लुत्फ उठा सकेंगे। यह सेंटर सभी के लिए ओपन रहेगा। जिला क्रीड़ाधिकारी दीपक रावत ने बताया कि फिटनेस सेंटर में 15 करोड़ की लागत से ट्रेड मिल, क्रॉस ट्रेनर्स, एक्सरसाइज बाइक, जिम सेट, हैंड ग्रिप, डंबल्स, टमी ट्वीस्टर, पुस अप बार, योगा मैट सहित पूल सेट, कैरम, टीटी टेबल, चेस सेट लगाए गए हैं। अंडर-16 वर्ग के बच्चों के लिए सेंटर में 550 रुपये सालाना रजिस्ट्रेशन शुल्क, जबकि इससे बड़ी आयु वर्ग के लोगों के लिए 800 रुपये प्रतिमाह शुल्क लिया जाएगा। डीएम के निर्देश पर केंद्र में कोच और ट्रेनर भी रखा जाएगा। फिटनेस सेंटर से होने वाली आय से यहां के स्टाफ को मानदेय देंगे। इस मौके पर सीडीओ डा. अभिषेक त्रिपाठी, डीडीओ मोहम्मद असलम, एडीएसटीओ धारा सिंह, खेल प्रशिक्षक यजुवेंद्र चौहान मौजूद रहे। (एजेंसी)

अफीम और चरस के साथ दो गिरफ्तार

नई टिहरी : कैंपटी थाना पुलिस ने गुरुवार को नैनबाग के पास नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए वाहनों की गहन चेकिंग के दौरान स्कूटी के साथ हिमाचल निवासी दो आरोपियों को 450 ग्राम अफीम और 250 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने की तैयारी की जा रही है। पुलिस की मीडिया सेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसएसपी आयुष अग्रवाल के निर्देशन में सीएम के नशामुक्त उत्तराखंड अभियान तहत नियमित कार्रवाई की जा रही हैं।

भुलाया नहीं जा सकता नेहरू का योगदान

जिला कांग्रेस कमेटी ने पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू को किया याद

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : पूर्व प्रधानमंत्री प. जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में पढ़ने वाले मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पं. जवाहरलाल नेहरु के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए प. जवाहरलाल नेहरु ने देश को बेहतर मार्ग पर ले जाने का कार्य किया। उन्होंने गरीब व असहाय परिवार के बच्चों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं बनाई। बच्चों के प्रति उनका विशेष लगाव रहता था। उन्होंने विश्व पटल पर अपने राजनीतिक प्रभाव का लोहा मनाया था। प. जवाहरलाल नेहरु ने डिस्कवरी आफ इंडिया, मेरी कहानी सहित कई पुस्तकों की रचना की। उनकी पुस्तकें आज भी समाज को प्रेरित कर रही हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति के लिए चयनित छात्रों के साथ ही पढ़ाई व खेल प्रतियोगिता में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, रंजना रावत, रमेश चंद्र खंतवाल, बलवीर सिंह रावत, धर्मपाल सिंह, महावीर सिंह नेगी, विमल बिष्ट, क्रांति कपरवाण, दिनेश रावत, सुधा असवाल, नरेंद्र चौहान, श्रीधर प्रसाद, केशर सिंह चौहान, विनोद नेगी, जया देवी आदि मौजूद रहे।

कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सम्मानित करते कांग्रेसी

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : गुरू नानक देव जी की 555वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को प्रबंधक कमेटी गुरूद्वारा गुरू नानक सिंह सभा गोविन्द नगर कोटद्वार द्वारा आधार शिला रक्तदान समूह के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। जानकारी देते हुए आधार शिला रक्तदान समूह के संचालक एवं समाजसेवी दलजीत सिंह ने बताया कि शुक्रवार को गुरूद्वारा गोविन्द नगर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक किया जायेगा। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की है। कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार कमजोरी नहीं आती है, बल्कि रक्तदान करने से कई तरह के शारीरिक लाभ होते है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति हर तीन माह बाद रक्तदान कर सकता है।

बाल दिवस धूमधाम से मनाया

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : आईटीडीए कैल्क कम्प्यूटर संस्थान में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्र छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया । संस्थान के निदेशक नन्द किशोर जखमोला नें सभी छात्र छात्रों को बाल दिवस की शुभकामनायें देते हुऐ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उधर बुराँस कोचिंग इंन्सटीयूट में भी बाल दिवस मनाया गया , जिसमे कोचिंग के निदेशक अरविन्द दुदपुड़ी ने सभी छात्र छात्रों को शुभकामना प्रेषित की । आईटीडीए कैल्क संस्थान में संपन हुये कार्यक्रम में नन्द किशोर जखमोला ,अनीता जखमोला अरविन्द दुदपुड़ी ,भारत रावत, ज्योति नेगी, स्वाती कंडवाल, मोहित ठाकुर ,नितेश रावत ,शिवनी नेगी ,भावना , अध्यापक गण के साथ संस्थान के सभी छात्र छत्राएं उपस्थित रहे।

महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कोटद्वार व आसपास के विद्यालयों में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कहा कि देश हित में दिए गए महापुरुषों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

टीसीजी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ निवर्तमान महापौर हेमलता नेगी व पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने किया। वक्ताओं ने कहा कि प. जवाहरलाल नेहरु ने सदैव देश के हितों को लेकर कार्य किया। सेट जोसफ कावेंट स्कूल पदमपुर में पं. जवाहरलाल नेहरु की जयंती पर दिव्यांग होम निम्बूचौड़ के दिव्यांग जनों को सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यार्थियों की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। वहीं, बाल दिवस पर बलभद्रपुर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष सुमन कोटनाला व उनकी पत्नी सुनीता कोटनाला ने दीप-प्रज्जवलित कर किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के स्पोर्ट्स कप्तान महक रावत व अजय कुमार व्यास ने बताया कि अंडर-19 कबड्डी प्रतियोगिता के तहत पहला मैच स्कॉलर्स एकेडमी व बलूनी के बीच खेला गया। जिसमें बलूनी पब्लिक स्कूल विजेता रहा। दूसरे मैच में नवयुग ने डेफोडिल को हराया। आरसीडी व एमकेवीएन के मध्य हुई प्रतियोगिता में एमकेवीएन विजयी रही। डीएवी-ए की टीम ने बाल भारती को हराया। एसजीआरआर ने ज्ञान भारती को हराया। हैप्पी होम ने हेरिटेज को हराया। इस मौके पर प्रधानाचार्य नितिन भाटिया, चंद्र मोहन जुयाल, मीनाक्षी भाटिया आदि मौजूद रहे। वहीं, आरसीडी पब्लिक स्कूल कोटद्वार में बाल दिवस पर इंटर स्कूल विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजित की गई। जिसका शुभारंभ प्रबंधक डा. सुभाष चंद्र ढौंडियाल, उप प्रधानाचार्य नीरजा गौड़ आशीष बहुगुणा, अजय कुकरेती, तोशिबा भारद्वाज ने किया। प्रतियोगिता में कुल चार राउंड अयोजित किये गये। पहला विशिष्ट विषय राउंड, दूसरा बजर राउंड , तीसरा विजुअल राउंड और चौथा रैपिड फायर राउंड अयोजित किया गया। जिसमें 110 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान में ब्लूमिंगवेल पब्लिक स्कूल के तेजस जोशी, श्रीजल रावत, तनिष्क भट्ट, तनुसी भारद्वाज, 92 अंक प्राप्त कर आरसीडी पब्लिक स्कूल के मयंक रावत, हर्ष गौड़, सूरज भंडारी, शौर्य भंडारी दूसरे स्थान पर रहे, 85 अंक प्राप्त कर तृतीया स्थान मदरलैंड अकादमी स्कूल के विशाल सिंह असवाल, अनमोल कुकरेती, अनुराग भारद्वाज ने प्राप्त किया।

टीसीजी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते अतिथि

धूमधाम से मनाया बाल दिवस

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : लैंसडौन स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को बाल दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल द्वारा जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और उनकी शिक्षा और विकास के लिए हमें सदैव कार्यरत रहना चाहिए। इस दौरान बच्चों के लिए ब्लेजर पहन दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें धनुष ने प्रथम, अक्षत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दो के विद्यार्थियों हेतु बैग पैकिंग दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें हर्ष ने प्रथम, आरुष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीन के विद्यार्थियों के लिए नींबू चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सीरत, द्वितीय स्थान पर ईवान रहे। कक्षा चार व पांच के विद्यार्थी हेतु खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बालक वर्ग में टीम आरव ने जीत का खिताब अपने नाम किया। बालिका वर्ग में टीम आरवी अव्वल रही। कक्षा छठी से आठवीं तक के छात्रों हेतु आयोजित तीन पैर वाली दौड़ प्रतियोगिता में कक्षा छः के वंश और अनुज की जोड़ी प्रथम रही। प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य ने सम्मानित किया।

लैंसडौन में आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते खिलाड़ी

डीएम ने किया नवनिर्मित हंटर हाउस का निरीक्षण

विशेष समिति का किया गठन

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने जिला मुख्यालय पौड़ी के निकट नवनिर्मित हंटर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि हंटर हाउस पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ वन्यजीव संरक्षण के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम है। कहा कि यह केंद्र लोगों को गुलदारों के प्रति संवेदनशील बनाएगा और उनके संरक्षण में सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि हंटर हाउस के माध्यम से लोगों को गुलदारों के बारे में सही जानकारी देने के साथ ही उनके प्रति डर को कम करेंगे। यह केंद्र मानव-गुलदार संघर्ष को कम करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर डीएम ने पर्यटन, वन, शिक्षा विभाग के अफसरों के साथ-साथ प्रसिद्ध शिकारी जॉय ह्यूकिल को शामिल करते हुए एक विशेष समिति का गठन किया। यह समिति हंटर हाउस को एक महीने के भीतर आम जनता के लिए खोलने की दिशा में कार्य करेगी। हंटर हाउस का मुख्य उद्देश्य लोगों में गुलदार के व्यवहार के प्रति जागरूकता करना और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करना है। इस केंद्र में गुलदार के बारे में विस्तृत जानकारी, उनके रहन-सहन और उनके संरक्षण के उपायों के बारे में प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके साथ ही स्थानीय लोगों को गुलदारों के साथ सुरक्षित रहने के तरीके भी सिखाए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग गजेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान एक घरेलु सिलेंडर किया जब्त

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान के निर्देशानुसार जिला पूर्ति अधिकारी अरूण कुमार वर्मा के मार्गदर्शन पर जनपद पौड़ी के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों व होटलों में घरेलू सिलिण्डरों के दुरूपयोग को रोकने हेतु क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षकों/केन्द्र प्रभारियों के नेतृत्व में निरीक्षण टीमों का गठन किया गया है। जिनके द्वारा निर्धारित दिवसों पर सम्बन्धित क्षेत्रों में निरीक्षण की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बुधबार देर सांय थलीसैण एवं लैन्सडौन क्षेत्र में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों व होटलों में निरीक्षण किया गया। थलीसैंण क्षेत्र में पूर्ति निरीक्षक बीरोंखाल शशिबाला रावत व पूर्ति निरीक्षक थलीसैंण सचिन भट्ट द्वारा कुल 17 व्यापारिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू सिलेण्डरों के उपयोग पर 32,200 रूपये का चालान किया गया, वहीं लैन्सडौन क्षेत्र में पूर्ति निरीक्षक लैन्सडौन अभिषेक कर्णवाल व पूर्ति निरीक्षक चेलुसैन भूपेन्द्र द्वारा कुल 14 व्यापारिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू सिलेण्डरों के उपयोग पर 4,600 रूपये का चालान व एक सिलेण्डर जब्त किया गया।

किराएदार का सत्यापन नहीं करवाने पर मकान मालिक का हुआ चालान

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : सत्यापन अभियान को लेकर रिखणीखाल पुलिस ने गंभीरता दिखाना शुरू कर दिया है। पुलिस ने टकोलीखाल के टांडियों में किराएदार का सत्यापन न किए जाने पर मकान मालिक पर दस हजार का जुर्माना लगाया है। साथ ही अन्य लोगों को चेतावनी दी गई।

अभियान के दौरान थानाध्यक्ष संतोष पैथवाल ने बताया कि टकोलीखाल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टांडियूं निवासी यशपाल सिंह ने अपने घर पर दो किराएदार रखे हुए थे। दोनो किराएदार जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के रहने वाले हैं, जो लकड़ी का चिरान करने के लिए आए हुए है। बताया कि मकान मालिक को दोनों किराएदारों का सत्यापन करवाने को कहा गया। लेकिन, उन्होंने सत्यापन नहीं करवाया। बताया कि पुलिस सत्यापन टीम ने उत्तराखण्ड पुलिस एक्ट के प्राविधानों के अनुसार मकान मालिक पर दस हजार रुपए का जुर्माना किया है। साथ ही क्षेत्र में तमाम लोगों को किराएदारों का सत्यापन करवाने को कहा गया है।

रिखणीखाल में अभियान चलाते पुलिस

अवैध मस्जिद व मदरसों पर लगाए रोक

कोटद्वार के नगर निगम कार्यालय में सहायक नगर आयुक्त को ज्ञापन देते श्री राम युवा वाहिनी के सदस्य

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : श्री राम युवा वाहिनी ने क्षेत्र में संचालित हो रहे अवैध मस्जिद व मदसों पर रोक लगवाने की मांग की है। कहा कि इस संबंध में पूर्व में शिकायत करने के बाद भी अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। कुछ मस्जिद व मदरसे पंजीकृत नहीं है।

वाहिनी के सदस्य गुरुवार को नगर निगम परिसर में पहुंचे। जहां उन्होंने नगर निगम को ज्ञापन दिया। यति परमात्मानंद गिरी ने बताया कि लकड़ीपड़ाव में तीन मस्जिदों व मदरसों को अवैध रूप से संचालित किया जा रहा है। कहा कि संचालित मस्जिदों व मदरसों के मानचित्रों को पूर्व में नगर पालिका व वर्तमान में नगर निगम से पास नहीं करवाया गया है। कहा कि तीन दिन के अंदर अवैध मस्जिदों व मदरसों पर कार्यवाही नहीं की गई तो श्रीराम युवा वाहिनी अपने स्तर पर कार्यवाही करने के लिए मजबूर होगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में राजेश जदली, विक्रम सिंह, दीपक, अनिल उपेंद्र सिंह रावत मौजूद रहे।

सफाई कर्मचारियों ने दी कार्य बहिष्कार की चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : उत्तराखंड स्वच्छकार कर्मचारी संघ ने नगर पालिका के आउटसोर्स और संविदा कर्मचारियों के पीएफ का भुगतान नही होने पर रोष व्यक्त करते हुए 21 नवंबर तक पीएफ का भुगतान नही होने पर कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। गुरुवार को संघ ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर जल्द पीएफ का भुगतान करने की मांग की। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में उत्तराखंड स्वच्छकार कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष प्रवीन कुमार, नगराध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा कि पिछले लंबे समय से नगर पालिका में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों के पीएफ का भुगतान नही किया गया है। जिससे कर्मचारियों को आर्थिकी की समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है। कहा कि जल्द इन कर्मचारियों का पीएफ भुगतान नही होने पर स्थाई सफाई कर्मचारी भी कार्यबहिष्कार पर चले जाएंगे। इस मौके पर जगपाल, रविंद्र सिंह, अंकुश, विमला, दीपा, कविता, मनीष, संदीप, हिमांशु, विकास, विशाल, यशपाल आदि शामिल थे।

मॉर्निंग वॉक के दौरान सीएम धामी ने स्थानीय लोगों से की मुलाकात

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : भराड़ीसैंण में रात्रि विश्राम करने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मॉर्निंग वॉक के जरिए, स्थानीय लोगों से मेल मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, बुधवार और गुरूवार को ग्रीष्मकालीन राजधानी भराड़ीसैंण (गैरसैंण) के दो दिवसीय दौरे पर रहे। इसी क्रम में बुधवार को उन्होंने यहां उत्तराखंड के लिए प्रस्तावित भू कानून पर उच्चाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया, वहीं पलायन निवारण आयोग की बैठक में भी पहाड़ में पलायन रोकथाम के प्रयासों पर मंथन किया, इसके बाद मुख्यमंत्री ने रात्रि विश्राम भी यहीं किया। विधानसभा सत्र के अलावा पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने गैरसैंण में रात्रि विश्राम किया है। इसके बाद गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री श्री धामी भराड़ीसैंण विधानसभा परिसर के आस पास मॉर्निंग वॉक पर निकले। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों का जायजा लिया, साथ ही स्थानीय निवासियों से मिलकर, उनकी समस्याएं पूछी।

पौड़ी की शांभवी ने जयपुर में जीता गोल्ड

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जयपुर में आयोजित ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता में पौड़ी की शांभवी ने गोल्ड मेडल जीता है। शांभवी बताती है कि माता-पिता दोनों शिक्षक हैं और उन्होंने हमेशा आगे बढ़ने का हौसला दिया। इसी का नतीजा है कि आज ऑल इंडिया स्तर पर गोल्ड मेडल हासिल हो सका। बताती हैं कि अब आगे लक्ष्य देश के लिए गोल्ड जीतने का है, इसके लिए वह प्रयासरत है।

शांभवी मूल रूप से पौड़ी गांव की रहने वाली है और बैडमिंटन खेल के प्रति उसका लगाव करीब आठ साल की उम्र से ही हो गया था। ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट के गर्ल्स डबल अंडर-17 मुकाबले में शांभवी रौथान और अक्षिता मनराल ने गोल्ड मेडल हासिल किया। शांभवी और अक्षिता की जोड़ी ने तमिलनाडु की टीम को हराया। इसके साथ ही मिक्सड डबल्स अंडर-17 मुकाबले में भी तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक भी उत्तराखंड को दिलाया। 7 से 12 नवंबर 2024 तक जयपुर में ऑल इंडिया की सब जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। जिसमें विभिन्न प्रदेशों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। शांभवी बताती है कि शुरुआत में पौड़ी के इंडोर स्टेडियम में ही खेल का अभ्यास किया और बैडमिंटन खेल की बारीकियां कोच गणेश आर्य की देखरेख में सीखी। इसके बाद अन्य कोचों ने भी खेल को लेकर कई जानकारियां दीं।

जयंती पर पंडित जवाहर लाल नेहरू को किया याद

नई टिहरी : शहर कांग्रेस कमेटी नई टिहरी ने गुरुवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर पार्टी कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने स्व. नेहरू के देश के विकास में दिये योगदान को याद किया गया। पूर्व पीएम के जन्म दिवस पर विज्ञापन जारी नहीं करने पर प्रदेश व केंद्र सरकार के खिलाफ नाराजगी भी जाहिर की। जिला कांग्रेस कार्यालय में शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में कांग्रेसियों ने स्व. नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलदीप पंवार, कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता शान्ति प्रसाद भट्ट, महावीर उनियाल, इमरान, विजय प्रकाश, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

चौथे दिन भी जारी रहा ग्राम आमसौड़ के ग्रामीणों का धरना

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : आपदा से बचाव का कार्य प्रारंभ नहीं होने से आक्रोशित आमसौड़ वासियों का धरना चौथे दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों ने समस्या का निराकरण नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है।

गुरुवार को आमसौड़ गांव में ग्रामीणों का धरना जारी रहा। ग्रामीणों ने कहा कि गांव के ऊपर स्थित केलापाणी की पहाड़ी पर लगातार भू-स्खलन हो गया है। कुछ माह पूर्व वर्षाकाल में पहाड़ी के एक हिस्सा गांव के ऊपर आ गया था। जिससे कई घरों व दुकानों को भी नुकसान पहुंचा। साथ ही गांव के लिए बिछाई गई पेयजल लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। पूरा राष्ट्रीय राजमार्ग मलबा व बोल्डर में दब गया था। बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग का मलबा व बोल्डर तो हटा दिया गया था। लेकिन, आपदा से बचाव के लिए किसी भी तरह का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। ग्रामीणों को धरना देते हुए चार दिन बीत चुके हैं। लेकिन, अब तक कोई भी अधिकारी उनकी सुध लेने तक नहीं पहुंचा। इस मौके पर दर्शनी देवी जुयाल, कांती देवी, सावित्री देवी, जशोदा देवी, भागीरथी देवी, सुमन देवी, सुनीता देवी आदि मौजूद रहे।

आमसौड़ गांव में धरने पर बैठे ग्रामीण

एक नजर

निरीक्षण के दौरान 6 घरेलु सिलेंडर जब्त किए

नई टिहरी : एसडीएम टिहरी संदीप कुमार के नेतृत्व में नगर पालिका चंबा क्षेत्र का अधिकारियों ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान होटलो में घरेलू गैस के सिलेंडर प्रयोग किए जाने पर 6 घरेलू सिलेंडर जब्त कर चालानी कार्यवाही की गई। इसके साथ ही सब्जियों एवं फलों की दुकानों पर रेट लिस्ट चस्पा किए जाने के लिए व्यापारियों को निर्देशित किया गया। भविष्य में दुकानों में रेट लिस्ट चस्पा न होने पर सम्बन्धितों के विरुद्ध कानुनी कार्यवाही को भी चेताया गया। चंबा में धनोला पेट्रोल पंप का भी निरीक्षण कर पेट्रोल पंप संचालक को फिलिंग स्टेशन पर साफ सफाई रखें जाने की हिदायत दी गई। इस मौके पर तहसीलदार टिहरी मोहम्मद सद्दाब, ईओ पालिका चंबा अविनाश, पूर्ति निरीक्षक चंबा देवेंद्र नेगी आदि मौजूद रहे।

पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स ने निकाला फ्लैग मार्च

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ विधानसभा उप चुनाव को लेकर पुलिस ने अर्द्धसैनिक बलों के साथ फ्लैगमार्च निकालकर निर्भीक व भयमुक्त चुनाव का संदेश दिया। वहीं उपचुनाव में किसी भी प्रकार की भ्रामक खबर फैलाने तथा अपराध एवं कानून व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे के निर्देशन में केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव को मतदाताओं के समक्ष भयमुक्त वातावरण तैयार करने एवं जनता को बिना किसी दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग करने के उद्देश्य से कोतवाली सोनप्रयाग पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ सोनप्रयाग से सीतापुर तक फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान आम जनमानस से आगामी केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के दौरान किसी राजनैतिक पार्टी के दबाव में आए बिना, अधिक से अधिक एवं निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। जनता को पारदर्शी, भयमुक्त उपचुनाव तथा सुरक्षा का भरोसा दिलाया। फ्लैग मार्च में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सोनप्रयाग देवेन्द्र असवाल, वरिष्ठ उपनिरीक्षक ठाकुर सिंह सहित पैरामिलिट्री फोर्स के अधिकारीगण व जवान मौजूद रहे। (एजेंसी)

राउप्रावि दिउली के गणेश नेशनल में दिखायेगें प्रतिभा

श्रीनगर गढ़वाल : गुरु राम राय लक्ष्मण इण्टर कॉलेज पथरी बाग देहरादून में आयोजित राज्य विज्ञान महोत्सव में कीर्तिनगर के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय दिउली कडाकोट के गणेश प्रसाद बंगवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया गया। गणेश अब राष्ट्रीय स्तर के विज्ञान महोत्सव में अपनी वैज्ञानिक सोच को दर्शाएंगे। छात्र गणेश प्रसाद बंगवाल ने पूरी कामयाबी का श्रेय मार्गदर्शक शिक्षक महिपाल सिंह राणा को दिया है। छात्र के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शिक्षकों और छात्रों ने खुशी जाहिर करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। (एजेंसी)

पंडित नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता रहे

हरिद्वार। कांग्रेस की ओर से पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर आयोजित गोष्ठी में पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू को भारत ही नहीं पूरे विश्व में आधुनिक भारत के निर्माता, युगपुरुष और लोकतंत्र के मजबूत प्रहरी के रूप में याद किया जाता है। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और मुरली मनोहर ने कहा कि नेहरू को विनोबा भावे ने लोकदेव की उपाधि दी। रामधारी सिंह दिनकर ने अपनी पुस्तक लोकदेव नेहरू में कहा कि भारत के वो पहले ऐसे नेता थे जिन्हें धर्मनिरपेक्ष गुणों के कारण भारतीय लोग उन्हें प्रेम करते हैं। सुरेन्द्र सैनी और अवधेश पंत ने कहा कि नेहरू ने न सिर्फ आजादी के आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई बल्कि भारत की तस्वीर भी बदलने का काम किया। महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष संतोष चौहान और ओपी चौहान ने कहा कि नेहरू का जीवन हमें प्रेरणा देता है कि कैसे अपने व्यक्तित्व से उन्होंने पूरे विश्व में अपना लोहा मनवाया।

पथरी में गांव की टूटी सड़क कब बनेगी, अधर में लटका कार्य

हरिद्वार। पदार्था में पिछले कई वषो से गांव की गलियों की सड़कें टूटी पड़ी हैं। । ग्रामीणों का आरोप है पेयजल द्वारा सड़क खोलकर डाली गई पाईप लाइन के चलते सड़क खस्ता हाल हुई है। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों के बार बार कहने के बाद भी ठेकेदार ने सड़क की मरम्मत नहीं कराई। साथ ही ओवरहेड टैंक का कार्य भी अधर में लटका है। गांव पदार्था में पिछले एक वषो से गांव की सड़कें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हैं।

श्रीनगर बैकुंठ चतुर्दशी मेला राज्य की अनमोल धरोहर : मुख्यमंत्री

बिलकेदार-बेलकंडी क्षेत्र में नई टाउनशिप बसाने की योजना पर चल रहा है कार्य

जयन्त प्रतिनिधि।

श्रीनगर : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रीनगर स्थित आवास विकास मैदान में आयोजित सात दिवसीय बैकुण्ठ चतुर्दशी मेला एवं विकास प्रदर्शनी-2024 का द्वीप प्रज्वलित पर शुभारंभ किया। कमलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना के उपरांत उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर विभागीय स्टॉल का निरीक्षण व जन समुदाय को संबोधित किया।

गुरुवार को मुख्यमंत्री ने श्रीनगर पहुंचकर बैकुण्ठ चतुर्दशी मेला एवं विकास प्रदर्शनी-2024 का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय स्टॉल का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैकुंठ चतुर्दशी पर्व पर भगवान कमलेश्वर महादेव मंदिर में मत्था टेका। उन्होंने भगवान शिव का जलाभिषेक कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने शिवलिंग में कमल पुष्प अर्पित किए। मंदिर के महंत श्री आशुतोष पुरी ने पूजा अर्चना सम्पन्न कराई। श्री जयदयाल संस्कृत महाविद्यालय श्रीनगर के छात्रों ने स्वास्ति वाचन किया। मुख्य कार्यक्रम स्थल आवास विकास प्रदर्शनी मैदान में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रीनगर में बैकुंठ चतुर्दशी मेला के शुभारंभ समारोह कार्यक्रम में आए लोगों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि पतित पावनी मां अलकनंदा के तट पर स्थित इस पौराणिक धाम में आकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। इस क्षेत्र के पौराणिक मंदिर हमारे राज्य की अनमोल धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष हर वर्ष बैकुंठ चतुर्दशी के अवसर पर आयोजित होने वाला यह मेला देवभूमि की आस्था का प्रतीक होने के साथ ही हमारी समृद्ध

परंपराओं का भी प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि बद्रीनाथ धाम हो या केदारनाथ धाम, सभी जगह करोड़ों की लागत से मास्टर प्लान काम चल रहे हैं। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना से श्रीनगर समेत पहाड़ में कनेक्टिविटी मजबूत होगी। मुख्यमंत्री ने श्रीनगर क्षेत्र में चल रही योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज में 25 करोड़ की लागत से 50 से अधिक बेड के क्रिटिकल केयर यूनिट का काम चल रहा है। श्रीनगर में 4.88 करोड़ की लागत से रोडवेज बस अड्डा और पार्किंग का निर्माण किया गया है। जो भी क्षेत्र के विकास के लिए जरुरी काम हैं, उनके डॉ. धन सिंह प्रयासरत रहते हैं और ये काम हो भी रहे है। श्रीनगर नगर पालिका को नगर निगम में बनाकर तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेलकंडी बिलकेदार क्षेत्र में नई टाउनशिप विकसित करने पर जोर दे रहे हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, डीआईजी एसएसबी सुभाष चंद्र नेगी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह, श्रम बोर्ड के सदस्य संपत रावत, अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कला, कोटद्वार जया बलूनी, पीडी डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय उप जिलाधिकारी श्रीनगर नूपुर वर्मा, सहायक नगर आयुक्त श्रीनगर रविराज बंगारी, जिलाध्यक्ष भाजपा सुषमा रावत, बीरेंद्र रावत, नगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धीरवाण सहित अन्य उपस्थित थे।

सीएम ने पुस्तक का किया विमोचन

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान के निर्देशन पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा तैयार की गई गुलदार व मानव संघर्ष न्यूनीकरण आधारित पुस्तक का विमोचन किया। गुलदार से बचाव संबंधी पहलुओं से जुड़ी यह पुस्तिका कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों के पाठ्यक्रम में शामिल की जाएगी।

सरकार ने श्रीनगर के विकास में कोई सरकार नहीं छोड़ी

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि श्रीनगर के विकास में सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। यहां शिक्षा ग्रहण कर रहे देश के विभिन्न राज्यो से आये छात्रों को शैक्षिक गुणवत्ता व सुरक्षा का वातावरण मिलता है। उन्होंने कहा कि बुधवार को ग्रीष्मकालीन राजधानी भराड़ीसैण से मुख्यमंत्री ने बड़ा संदेश देने का काम किया है। भू-कानून की पहली बैठक भराड़ीसैण में सम्पन्न हुई। राज्य में एक सशक्त भू-कानून लाने से पहले उत्तराखंड के सभी निवासियों से सुझाव लिए जा रहे हैं। हाल की कुछ घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन यापन के लिए किसी भी स्थान पर व्यापार करने की आजादी है लेकिन इस आड़ में संस्कृति से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा।

छात्रों को कठिन परिश्रम करने के लिए किया प्रेरित

एसजीआरआर लालपानी में मनाया बाल दिवस और एसजीआरआर का फाउंडर्स डे

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : सनेह क्षेत्र के अन्तर्गत श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी में खेल महोत्सव संपन्न हो गया है। गुरूवार को स्कूल में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में और श्री गुरु राम राय एजुकेशन मिशन के फाउंडर्स डे को धूमधाम से मनाया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य विभाकर डबराल ने पंडित नेहरू एवं गुरु नानक देव के जीवनों से संबंधित प्रेरक प्रसंग साझा किए। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बाल दिवस के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया और अपनी एक निश्चित दिनचर्या बनाकर उसे अपनाने और जीवन में लागू करने के

लिए कहा। प्रधानाचार्य ने श्री गुरु राम राय एजुकेशन मिशन के फाउंडर्स डे के उपलक्ष में बच्चों को दरबार साहिब के नवे गुरु श्री इंद्रेश चरण दास जी के प्रभावपूर्ण व्यक्तित्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि महंत इंद्रेश चरण दास जी महान संत होने के साथ-साथ एक उच्च कोटि के विचारक थे। बच्चों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। इस मौके पर सीनियर बालक वर्ग कब्बडी में भाभा हाउस, बालिका वर्ग में आर्यभट्ट हाउस ने जीत हासिल की। बैडमिंटन प्रतियोगिता में रामानुजन हाउस की अवनी उप्रेती विजेता, आर्यभट्ट हाउस की अक्षिता उपविजेता रही। शतरंज प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में हिमांशु ने प्रथम, अक्षित ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में काव्य पुंडीर ने प्रथम और ऋषिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापक-अध्यापिकाएं एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

सीएम ने दी गुरू नानक जयंती एवं कार्तिक पूर्णिमा की शुभकामनाएं

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरु नानक जी की जयंती एवं कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि हमें इस पावन अवसर पर गुरुनानक देव जी के संदेशों को आत्मसात कर मानव कल्याण तथा देश-प्रदेश की उन्नति में भागीदारी निभाने का संकल्प लेना होगा।

अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरुनानक देव जी ने हमें सच्चाई, न्याय और मानवता की राह पर चलने की प्रेरणा दी है। कहा कि गुरु नानक जी ने समाज की बुराइयों को दूर करने के लिए अपने उपदेशों एवं शिक्षा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। गुरु नानक जी के उपदेश हमें समाज में भाईचारा, सद्भाव और एकता को बढ़ावा देने की भी प्रेरणा देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने समाज में ऊंच नीच, भेदभाव, वैमनस्यता को दूर करने के लिए अथक प्रयास किए। उनकी शिक्षा आज भी प्रासंगिक है और समाज का मार्गदर्शन कर रही है। उनके उपदेशों में मानव कल्याण की कामना की गई है।

हाईड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बनेगा आईआईटी का हिल कैंपस : उपाध्याय

नई टिहरी :टीएचडीसी इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रो पावर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (टीएचडीसी आइएचईटी) भागीरथीपुरम नई टिहरी के वार्षिक टेक फेस्ट सिएस्जीक-2024 का गुरुवार को शानदार शुभारंभ हो गया। तीन दिवसीय फेस्ट में तकनीकी, नवाचार और रचनात्मकता के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। गुरुवार को बीपुरम में टेक फेस्ट का विधायक किशोर उपाध्याय ने उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि उनका रोपा पौधा शिक्षा का विशाल वृक्ष बन गया है। देशभर में हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज की अलग पहचान है। जल्द ही इसे आईआईटी रुड़की का हिल कैंपस बनाया जाएगा। जिसके लिए उन्होंने सीएम पुष्कर सिंह धामी सहित केंद्रीय शिक्षा मंत्री और सरकार का आभार जताया है। उन्होंने युवा इंजीनियरों से नवाचार और शोध करने की अपील की। टीएचडीसी के ईडी एलपी जोशी ने कहा कि बांध प्रभावित क्षेत्र में केंद्र सरकार के सहयोग से टीएचडीसी ने इस भव्य संस्थान की स्थापना की है। यहां से निकले छात्र आज देश-विदेश में नाम रोशन कर रहे हैं। संस्थान के निदेशक प्रो. शरद कुमार प्रधान ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि महोत्सव में तकनीकी नवाचार, ज्ञान साझा करना और सांस्कृतिक गौरव का उत्सव मनाया जाएगा। शेड्यूल के अनुसार कुल 31 कार्यक्रम तीन दिन में आयोजित किए जाएंगे। कहा कि टेक फेस्ट ऐसा मंच है जो न केवल तकनीकी कौशल को बढ़ावा देता है, बल्कि नवाचार और छात्रों के बीच सहयोग को भी प्रोत्साहित करता है। उन्होंने प्रतिभागियों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की।

पेयजल सचिव बगोली ने किया काण्डा मैखुरा पम्पिंग योजना एवं उमट्टा पेयजल योजना का निरीक्षण

चमोली : पेयजल सचिव शैलेश बगोली ने गुरूवार को विकासखण्ड कर्णप्रयाग की काण्डा मैखुरा पम्पिंग योजना एवं उमट्टा पेयजल योजना का निरीक्षण कर ग्रामीणों के साथ संवाद किया। काण्डा मैखुरा पेयजल योजना का इन्टेक वैल एवं ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करते हुए योजना की धीमी प्रगति पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अभियंताओं एवं ठेकेदार को 02 माह में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उमट्टा पेयजल योजना के निरीक्षण के उपरान्त ग्रामीणों द्वारा पेयजल योजना के अन्तर्गत पेयजल आपूर्ति सुचारू बतायी गयी। तत्पश्चात उन्होंने राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं एएनएम सेंटर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रों से संवाद कर अध्यापकों को कक्षा 10 के विद्यार्थियों की आगामी बोर्ड परीक्षा की

तैयारी कराने हेतु निर्देशित किया। साथ ही स्कूल एवं एएनएम सेंटर में क्षतिग्रस्त पेयजल कनेक्शन को 01 सप्ताह के अन्दर सुचारू से करने करने के निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने कालेश्वर स्थित हार्क केन्द्र का निरीक्षण किया। केन्द्र में विभिन्न उत्पादों का उत्पादन/बिक्री की जा रही है। इससे पूर्व उन्होंने विकासखण्ड गैरसैंण की सारेग्वाड पेयजल योजना एवं भैंसवाडासैंण पेयजल योजना का निरीक्षण कर ग्रामीणों के साथ संवाद किया गया।

अवैध घुसपैठ और लैंड जिहाद के खिलाफ कठोर कानून बनाने की उठाई मांग

नई टिहरी : भारत रक्षा मंच की आयोजित बैठक में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने गढ़वाल मंडल में अवैध घुसपैठ, लैंड जिहाद, धर्मांतरण और जनसांख्यिकीय बदलाव पर चिंता व्यक्त की। प्रदेश संगठन मंत्री आशीष वाजपेयी ने कहा कि श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, पौड़ी, टिहरी और चमोली में अवैध घुसपैठ से जनसांख्यिकीय परिवर्तन हो रहा है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। देवप्रयाग में आयोजित बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री आशीष वाजपेयी ने कहा कि इस बदलाव के पीछे कुछ स्वार्थी तत्वों और राजनेताओं का अप्रत्यक्ष समर्थन है। जो कि समाज के लिए एक बड़ा खतरा बन रहा है। लैंड जिहाद और धर्मांतरण जैसी गतिविधियों के माध्यम से इन क्षेत्रों में हिंदू समाज और सनातन संस्कृति के अस्तित्व को मिटाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक सांस्कृतिक या धार्मिक मुद्दा नही है, बल्कि एक राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय भी है। उत्तराखंड के धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्रों पर राष्ट्रविरोधी शक्तियों की नजरें टिकी हुई हैं। हमें संगठित होकर इन शक्तियों का सामना कर एक मजबूत संदेश देना होगा। बैठक में कठोर कानून बनाने की मांग के साथ संगठन के विस्तार पर भी चर्चा हुई।

बेस अस्पताल में डायलिसिस यूनिट शुरू नहीं होने पर फूटा लोगों का गुस्सा

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय मेडिकल कालेज श्रीनगर के टीचिंग बेस चिकित्सालय में डायलिसिस यूनिट सूचारू न होने पर गुरुवार को डायलिसिस के मरीजों, छात्र नेताओं सहित स्थानीय लोगों ने बेस अस्पताल पहुंचकर हंगामा काटा।

इस दौरान स्थानीय लोगों और मरीजों ने आरोप लगाया कि चिकित्सालय में सभी प्रकार की सुविधाएं होने के बावजूद मरीजों को नहीं मिल रही हैं। जिससे मरीजों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इस मौके पर गढ़वाल विवि के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष शैलेश मलासी, विभोर बहुगुणा, यशीश रावत, विनीत पोस्ती, गौरव मोहन नेगी, लखपत भंडारी ने कहा कि बेस चिकित्सालय में विगत ढाई माह से डायलिसिस यूनिट ठप पड़ी हुई है। जिसके चलते मरीजों को परेशानियों का सामना करने के साथ हालत बिगड़ने का खतरा बन हुआ है। कहा कि बेस चिकित्सालय में डायलिसिस न होने के कारण चमोली, रुद्रप्रयाग, पौड़ी और टिहरी से आने वाले मरीजों को भारी दामों में ऋषिकेश और देहरादून जाकर डायलिसिस करवाना पड़ रहा है।

कहा कि बेस चिकित्सालय प्रशासन लगातार गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। रुद्रप्रयाग से पहुंचे डायलिसस के मरीज कैलाश, श्रीनगर के प्रमोद रतूड़ी, ऋतु बहुगुणा, श्रीकोट के अरविंद, बडियारगढ़ से राकेश बर्त्वाल ने कहा कि विगत ढाई महीने से बेस चिकित्सायल में डायलिसिस यूनिट सूचारू न होने से उन्हें परेशानी का समाना करना पड़ रहा है। कहा कि सरकार लगातार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने का वायदा कर रहीं है, लेकिन अभी भी पहाड़ में स्वास्थ्य सुविधाएं लचर बनी हुई है। डायलिसस के दौरान एक कर्मचारी द्वारा मरीजों के साथ संतोषजनक व्यवहार न करने पर भी रोष व्यक्त किया। उन्होंने उक्त कर्मचारी को हटाये जाने की मांग की है। इस दौरान चिकित्सालय प्रशासन के शुक्रवार से डायलिसिस यूनिट सुचारू रूप से संचालित किए जाने पर आश्वासन पर मरीजों, छात्र नेताओं और स्थानीय लोगों का गुस्सा शांत हुआ। इस मौके पर बेस चिकित्सालय श्रीकोट के चिकित्सा अधीक्षक डा. अजेय विक्रम सिंह, उप चिकित्सा अधीक्षक डा. वरुण कुमार, डॉ. सतीश कुमार, डा. केएस बुटोला, अनिल कुमार सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

सचिव दीपक कुमार ने हॉट में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

चमोली : सचिव, कार्यक्रम क्रियान्वयन दीपक कुमार ने लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण हॉट में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को ल्वां दिगोली सड़क का मलबा डंपिंग जोन में डालने के निर्देश दिए। श्रीकोट मोटर मार्ग से जिनके खेत कटे हैं उन्हें शीघ्र ही मुआवजा दिया जाए। साथ ही उन्होंने जल निगम को पीपलकोटी के सीवरेज प्लांट का एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। ग्रामीणों की जैशाल सडक के एलाइमेंट चेंज करने की शिकायत पर उन्होंने जेई, वर्तमान प्रधान तथा पुलिस की संयुक्त निरीक्षण कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने साइबर क्राइम जागरूकता हेतु पुलिस को विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम

चलाने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने सड़क संबंधी विभागों को सड़कों को गढढा मुक्त करने के निर्देश दिए। हाट की सड़क को लेकर उन्होंने पीडब्लूडी और टीएचडीसी को आपसी समन्वय से त्वरित गति से समस्या का निस्तारण करने को कहा। उन्होंने एनएचआईडीसीएल को जिनकी जमीन है उसको व्यक्तिगत मुआवजे का भुगतान करने को कहा।

पांडव नृत्य देखने पहुंच रहे बड़ी संख्या में लोग

रुद्रप्रयाग : मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत दरमोला के तरवाडी गांव में चल रहे पांडव नृत्य में 16 नवम्बर से बाणों के साथ पांडव नृत्य करेंगे। पांडवों के दर्शन के लिए गांव की धियाणियों का भी अपने मायके पहुंचने का सिलसिला भी शुरू हो गया है।

आगामी 29 नवम्बर को प्रसाद वितरण के साथ पांडव नृत्य संपंन होंगा। पुजारी कीर्ति प्रसाद डिमरी ने अधिक से अधिक लोगों को पांडव नृत्य में पहुंचने की अपील की है। इस अवसर पर नत्था सिंह, जसपाल सिंह पंवार, वीर सिंह, शूरवीर सिंह, राजेन्द्र सिंह समेत बड़ी संख्या में भक्तजन थे। (एजेंसी)

दौड़ में विवेक और विनीता ने मारी बाजी

नई टिहरी : युवा कल्याण विभाग की ओर से आयोजित जाखणीधार ब्लॉक के तीन दिवसीय खेल महाकुंभ गुरुवार को शुरू हो गया है। पहले दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बालक वर्ग की 800 मीटर दौड़ में विवेक नेगी और बालिका वर्ग में विनीता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि 15 सौ मीटर बालक में विवेक ने दमखम दिखाकर सबसे तेज धावक बने। गुरुवार को लामरीधार स्टेडियम में आयोजित खेल महाकुंभ का जाखणीधार की प्रमुख सुनीता देवी ने शुभारंभ किया। कहा कि सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल महाकुंभ, मुख्यमंत्री उदयीमान खेल योजना शुरू की है। जिसका युवाओं को लाभ उठाकर खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। कहा कि हर खिलाड़ियों को नशे से दूर रहकर निरंतर खेल गतिविधियों में प्रतिभाग करना चाहिए। उन्होंने विजेता, उप विजेता प्रतिभागियों को मेडल, प्रमाणपत्र भेंट किए। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी संजय लिंगवाल ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन चार सौ मीटर दौड़ बालिका वर्ग में सीमा, दीपिका, आयुषी, बालक वर्ग में शिवम सेमवाल, सूरज, विवेक क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। जबकि आठ सौ मीटर बालिका वर्ग में विनीता, कोमल, आरुषि, बालक में विवेक नेगी, प्रियांशु, संदीप क्रमश पहले, दूसरे, तीसरे स्थान पर रहे। कबड्डी बालक वर्ग में कुमारधार न्याय पंचायत प्रथम, नंदगांव द्वितीय, गराकोट तृतीय रही।

जौलजीबी मेला राज्य के लिए अनमोल धरोहर : धामी

सीएम धामी ने किया जौलजीबी मेले का शुभारंभ, 64.47 करोड़ की 18 योजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को जौलजीबी मेला-2024 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने 64.47 करोड़ की 18 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 29.65 करोड़ के 13 लोकार्पण एवं 34.72 करोड़ के 05 शिलान्यास शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जौलजीबी मेला राज्य के लिए एक अनमोल धरोहर है, जो सदियों से भारत-तिब्बत, भारत नेपाल और सीमावर्ती क्षेत्रों में आपसी सौहार्द बढ़ाता है। यह मेला हमारी समृद्ध परंपराओं को संजोने का कार्य करता है। यहां का नेपाल और तिब्बत से सदियों से सांस्कृतिक संबंध रहा है। नेपाल से इस क्षेत्र का रोटी और बेटी का संबंध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे संबंध और मजबूत हो रहे हैं। केदारनाथ और पशुपतिनाथ के बीच आध्यात्मिक यात्रा से भी दोनों राष्ट्रों के संबंधों को मजबूती मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला भारत और नेपाल के बीच आर्थिक सबंधों को बढ़ाने का कार्य भी करता है। यह मेला छोटे व्यापारियों, किसानों और कारीगरों को अपने उत्पादों का मंच प्रदान करने का बड़ा माध्यम है। हमारी अनेक प्रकार की औषधियों को प्रोत्साहित करने में भी यह मेला महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों के

समग्र विकास के लिए वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। जिन गांवों को पहले अंतिम गांव कहा जाता था, इस अवधारणा को बदलकर प्रधानमंत्री ने इन गांवों को देश के पहले गांवों की संज्ञा दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदि कैलाश आने के बाद इस क्षेत्र में तेजी से आवागमन बढ़ा है। पिछले साल की तुलना में इस बार 10 हजार से अधिक लोगों ने आदि कैलाश के दर्शन किये हैं। इससे हमारे इन क्षेत्रों को आर्थिक रूप से आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमवर्ती क्षेत्रों में आधुनिक सड़कों, सुरंगों और पुलों का निर्माण किया जा रहा है। सीमांत क्षेत्रों के विकास सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में हैं। इन क्षेत्रों के विकास के लिये अनेक कार्य योजनाओं की मंजूरी दी गई है। मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के तहत पहले चरण में 16 पौराणिक मंदिरों को विकसित किया जा रहा है। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, विधायक बिशन सिंह चुफाल, हरीश धामी, जिलाध्यक्ष भाजपा गिरीश जोशी, जिलापंचायत अध्यक्ष श्रीमती दीपिका बोरा, ब्लाक प्रमुख धारचूला धन सिंह धामी, जिलाधिकारी पिथौरागढ़ विनोद गिरी गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने यह घोषणाएं की

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर घोषणा की कि मक्काना से सेकला तक मोटर मार्ग निर्माण, आपदा प्रभावित क्षेत्र लुमती तोक बगीचा बगड़ में सुरक्षा दीवार बनाने, मवानी रवानी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण, तेजम में मिनी स्टेडियम का निर्माण और तीनखोल ढुंगातोली और पण्डा में चेक डैम निर्माण किया जायेगा।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com